# मंगलूर रिफाइनरी एण्ड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड

(ओएनजीसी की सहयोगी कंपनी )

आज परिष्करण कर रहे हैं। कल अजूबा कर दिखाएँगे।




# वार्षिक रिपोर्ट 2013-14

# एमआरपीएल

## बेहतरीन प्रदर्शन करने की ताक़त के साथ

**मंगलूर रिफाइनरी एण्ड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एमआरपीएल), ' अनुसूची क, मिनी रत्न कैट–1' ओएनजीसी समूह की कंपनी है** जिसने दक्षिण कन्नड जिले की हरी भरी वादियों को चकाचौंध कर दिया है।

करीब 9.5 की जटिलता के साथ 15 एमएमटीपीए की क्षमतावाली रिफाइनरी होने के नाते एमआरपीएल, दक्षिण कन्नड जिले में पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति का केंद्र बिंदु है और भारतीय हाइड्रोकार्बन उद्योग में एक रमणीय नज़ारा है जिसके चलते एमआरपीएल को दो बार '' वर्ष की रिफाइनरी '' का (2010,2012 पेट्रोफेड पुरस्कार)का ख़िताब दिया गया।

- अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी
- विश्व दर्जे की गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला
- विद्युत उत्पादन में आत्मनिर्भरता (3 सीपीपी)
- अत्याधुनिक ऑटो टैंक गेजिंग तंत्र
- यूरो I, II, II और अब यूरो IV श्रेणी का पेट्रोल एवं डीज़ल बनाने वाली सर्वप्रथम रिफाइरी
- 21 देशों में निर्यात
- अपने अनुकूल ढालने की सहूलियत के साथ विभिन्न उत्पादों का उत्पादन
- बेंचमार्क के अनुरूप पर्यावरण प्रबंधन तंत्र
- नए पेट्रोकेमिकल्स में विविधीकरण
- आईएसओ 14001, आईएसओ 9001 और आईएसओ 50001 प्रमाणित
- क्राइसिल और आईसीआरए से AAA रेटिंग
- नव मंगलूर बंदरगाह में समर्पित जेटियाँ
- तटवर्ती बूस्टर पंपिंग केंद्र के साथ एसपीएम
- प्रतिबद्ध पेशेवर टीम

श्री डी.के. सर्राफ़ की अध्यक्षता में मंडल की बैठक का एक नज़ारा

# मंगलूर रिफाइनरी एण्ड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड

(ऑयल एण्ड नेचुरल गैस कार्पोरेशन लिमिटेड की सहयोगी कंपनी)

CIN : L85110KA1988GOI008959

## 05/08/2014 को निदेशक मंडल के सदस्य

| | | |
|---|---|---|
| श्री डी.के. सर्राफ़ | अध्यक्ष | (01/03/2014 से) |
| श्री विष्णु अग्रवाल | प्रभारी प्रबंध निदेशक | (01/08/2014 से) |
| श्री विष्णु अग्रवाल | निदेशक (वित्त) | (01/04/2011 से) |
| श्री वी.जी. जोशी | निदेशक (रिफाइनरी) | (04/04/2013 से) |
| श्री पी. कल्याणसुंदरम् | निदेशक | (15/04/2013 से) |
| श्री बी.के. नामदेव | निदेशक | (01/07/2013 से) |
| श्री सी.एल. शाह | स्वतंत्र निदेशक | (22/10/2013 से) |
| श्रीमती नीला गंगाधरन् | स्वतंत्र निदेशक | (22/10/2013 से) |
| प्रो. जयवंत एम. मोदक | स्वतंत्र निदेशक | (22/10/2013 से) |
| प्रो. उषा किरण रै | स्वतंत्र निदेशक | (22/10/2013 से) |
| कैप्टन जॉन प्रसाद मेनेज़स | स्वतंत्र निदेशक | (22/10/2013 से) |
| श्री ए.के. बैनर्जी | विशेष अतिथि | (05/08/2013 से |
| श्री सुधीर वासुदेव | अध्यक्ष | (28/02/2014 तक) |
| श्री पी.पी. उपाध्या | प्रबंध निदेशक | (31/07/2014 तक) |
| श्री के. मुरली | निदेशक | (30/06/2013 तक) |
| श्री बी. रवींद्रनाथ | स्वतंत्र निदेशक | (06/01/2014 तक) |
| डॉ. डी. चंद्रशेखरम् | स्वतंत्र निदेशक | (11/03/2014 तक) |
| श्री के.एस. जेम्सटिन | विशेष अतिथि | (31/07/2014 तक) |

**कंपनी सचिव**
श्री दिनेश मिश्रा
श्री बी. सुकुमार (14/02/2013 से 22/10/2013 तक)

**पंजीकृत कार्यालय:**
मुडपाडव, कुत्तेतूर पी.ओ. मार्ग काटिपल्ला
मंगलूर-575 030
कर्नाटक
टेलीफोनः सं. 0824-2270400 वेबसाइट: www.mrpl.co.in

**विषय-वस्तु** **पृष्ठ सं.**


निदेशकों की रिपोर्ट

प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट

सी एण्ड एजी की टिप्पणियाँ

संधारणीय विकास निष्पादन संबंधी रिपोर्ट

लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट

तुलन-पत्र

लाभ-हानि लेखा

नकदी प्रवाह विवरण

टिप्पणियाँ

निगमित अभिशासन पर रिपोर्ट

साचिविक लेखा परीक्षा पर रिपोर्ट

वार्षिक महासभा की सूचना

ई-मतदान संबंधी अनुदेश

पाँच वर्ष के निष्पादन की एक झलक


**सॉलिसिटर और अधिवक्ता**
मेसर्स मुल्ला एण्ड मुल्ला एण्ड क्रेग ब्लंट एण्ड कैरो, सॉलिसिटर्स
मेसर्स आलया लीगल, अधिवक्ता

**संयुक्त सांविधिक लेखा परीक्षक**
मेसर्स गोपाल ऐय्यर एण्ड सुब्रमणियन्,
सनदी लेखाकार
मेसर्स ए. राघवेंद्र राव एण्ड एसोसिएट्स,
सनदी लेखाकार

**साचिविक लेखापरीक्षक**
मेसर्स उल्लास कुमार मेलिनमोगरु एण्ड एसोसिएट्स
कंपनी सचिव

**लागत लेखा परीक्षक**
मेसर्स मुसीब एण्ड एसोसिएट्स
लागत लेखाकार

**बैंकर**
भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ बडौदा
पंजाब नैशनल बैंक, युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया, केनरा बैंक,
आईडीबीआई बैंक लिमिटेड, कार्पोरेशन बैंक, सिटी बैंक एन.ए.

**निवेशकर्ता संबंध कक्ष**

**मंगलूर रिफाइनरी एण्ड पेट्रोकेलिकल्स लिमिटेड**

- मुडपाडव, कुत्तेतूर पी.ओ. मार्ग काटिपल्ला
  मंगलूर - 575030, कर्नाटक
  टेलीफोनः सं. 0824-2270400 फैक्स सं.: 0824-2273300
  वेबसाइटः www.mrpl.co.in
- एलजीएफ, मर्केंटाइल हाउस
  15, के.जी. मार्ग, नई दिल्ली - 110001
  टेलीफोन : 011-23463100 फैक्स : 011-23463201
  ई-मेलः investor@mrplindia.com
- **रजिस्ट्रार और अंतरण एजेंट**
- मेसर्स लिंक इन्टाइम इंडिया प्रा.लि)
  सी-13, पन्नलाला सिल्क मिल्स कम्पाउंड,
  एल बी एस मार्ग, भंडूप (पश्चिम), मुंबई - 400 078
  टेलीफोनः 022-25963838 / 25946970 फैक्स सं.: 022-25946969
  ई-मेल: mrplirc@linkintime.co.in वेबसाइटः www.linkintime.co.in

# निदेशकों की रिपोर्ट

प्रिय सदस्यों,

मंगलूर रिफाइनरी एण्ड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड, मंगलूर (एमआरपीएल)के निदेशक मंडल की तरफ से और खुद अपनी तरफ से आपकी कंपनी का निष्पादन दर्शानेवाली 26वीं वार्षिक रिर्पोट, लेखा परीक्षित लेखे और उस पर 31.03.2014 को समाप्त वर्ष की लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट पेश करने में मैं बड़ा फ़क्र महसूस करता हूँ।

यह गर्व की बात है कि आपकी कंपनी का दर्जा अनुसूची ' ख ' से बढ़कर अब अनुसूची ' क ' का केंद्रीय सरकारी क्षेत्र का प्रतिष्ठान (सीपीएसई) हो गया है। आपकी कंपनी, दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की करने के इरादे से नई दूरदर्शिता और प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रही है। हमने, तमाम शेयरधारकों के लगातार समर्थन के साए तले मजबूती के साथ आगे बढ़ते हुए अवसरों का फायदा उठाया और नाकामयाबी को झेलते हुए दृढसंकल्प के साथ कदम बढाया।

## 1.0 निष्पादन की एक झलक

- पिछले वर्ष 2012–13 के दौरान 14.41 एमएमटी के मुकाबले वर्ष 2013–14 के दौरान अब तक का सर्वाधिक 14.59 एमएमटी क्रूड प्रोसेस किया गया।
- पिछले वर्ष 2012–13 के ₹68,834 करोड़ के मुकाबले वर्ष 2013–14 के दौरान अब तक का सर्वाधिक ₹75,226 करोड़ का कुल कारोबार किया गया।
- पिछले वर्ष 2012–13 के ₹33,340 करोड़ के मुकाबले वर्ष 2013–14 के दौरान अब तक का सर्वाधिक ₹35,392 करोड़ का कुल निर्यात किया गया।
- कर उपरांत लाभ (पीएटी), पिछले वर्ष 2012–13 में उठाई गई ₹757 करोड़ की हानि की तुलना में वर्ष 2013–14 के दौरान ₹601 करोड़ रहा।

## 1.1 वित्तीय निष्पादन का सारांश

31 मार्च, 2014 को समाप्त वर्ष के लिए आपकी कंपनी के वित्तीय निष्पादन का सारांश नीचे दर्शाया गया है:

(₹ करोड़ में )

| | 31 मार्च, 2014 को समाप्त वर्ष | 31 मार्च, 2013 को समाप्त वर्ष |
|---|---|---|
| **कुल कारोबार** | 75226 | **68834** |
| मूल्यह्रास ब्याज और कर पूर्व लाभ | 1437 | 456 |
| ब्याज और वित्त प्रभार | 321 | 329 |
| ब्याज उपरांत परंतु मूल्यह्रास और कर पूर्व कुल लाभ | 1116 | 127 |
| मूल्यह्रास और परिशोधन व्यय | 706 | 604 |
| **कर पूर्व लाभ/(हानि)** | 410 | **(477)** |
| कराधान के लिए प्रावधान (आस्थिगत कर देयता) | (191) | 280 |
| **कर उपरांत लाभ/(हानि)** | 601 | **(757)** |
| पिछले वर्ष से आगे लाया गया शेष | 4238 | 4999 |
| विनियोजन के लिए उपलब्ध अधिशेष | 4839 | 4242 |
| पूंजीगत आरक्षित शोधन निधि में अंतरण | – | 4 |
| **तुलन पत्र में आगे लाया गया शेष** | 4839 | **4238** |

## 1.2 लाभांश

पिछले वित्तीय वर्ष से आगे लाई गई हानि और कंपनी की बृहत् पूंजी विस्तार योजनाओं की पूर्ति करने के लिए निधि की ज़रूरतों को देखते हुए आपके निदेशक मंडल ने वित्तीय वर्ष 2013–14 के लिए कोई लाभांश घोषित करने की सिफ़ारिश नहीं की। लेकिन हमें पूरा विश्वास है कि हम, चरण-III रिफाइनरी परियोजना पूरी तरह से चालू होते ही तरक्की करेंगे और शेयरधारक का मूल्य बढ़ाएंगे जिसके चलते कंपनी के परिचालन लाभ में उल्लेखनीय सुधार होगा।

## 1.3 परिचालनगत निष्पादन

आपकी कंपनी ने, पिछले वित्तीय वर्ष 2012–13 के दौरान 14.41 एमएमटी के मुकाबले वित्तीय वर्ष 2013–14 के दौरान अब तक का सर्वाधिक 14.59 एमएमटी क्रूड प्रोसेस किया। चालू करते समय निवल उपयोग को देखते हुए ईंधन और हानि का प्रमाण 7.15% रहा यानी यूनिटों के स्थिरीकरण के दौरान ईंधन खपत के कारण इसमें 1% की बढ़त हुई।

रिफाइनरी ने, वर्ष 2012–13 के दौरान 61.01 के ऊर्जा सूचक के मुकाबले वर्ष 2013–14 के दौरान 60.88 के ऊर्जा सूचक(एमबीटीयू/बीबीएल/एनआरजीएफ) के साथ सर्वाधिक क्रूड का प्रसंस्करण किया।

## 1.4 निर्यात

आपकी कंपनी ने, वर्ष 2013–14 के दौरान मोटर स्पिरिट (एमएस), नैफ्ता, मिश्रित जाइलिन (एमएक्स), हाई स्पीड डीजल (एचएसडी), एअर टर्बाईन ईंधन (एटीएफ)और ईंधन तेल (एफओ) जैसे उत्पादों का निर्यात करते हुए अब तक का सर्वाधिक ₹35,392 करोड़ का कुल कारोबार हासिल किया।

आपकी कंपनी स्टेट ट्रेडिंग कार्पोरेशन, मॉरिशियस को पेट्रोलियम उत्पादों जैसे मोगैस, एटीएफ, गैस तेल और ईंधन तेल की आपूर्ति करती रही।

वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मक बाजार में, आपकी कंपनी ने 21 देशों में जैसे; बहामास, चीन, मिस्र, हाँगकाँग, जापान, जोरडन, कीन्या, कोरिया, मलेसिया, मौरिशियस, नेदरलैंड, ओमन, साऊदी अरेबिया, सिंगपूर, स्लोवेनिया, दक्षिण अफ्रीका, तैवान, टर्की, यूएई, यूके और येमन में पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात करते हुए अपना स्थान बना लिया है और तरक्की के अधिक अवसरों की खोजबीन करने का सिलसिला जारी रखा है।

## 1.5 सुरक्षा संबंधी निष्पादन

आपकी कंपनी ने काम किए गए 8.59 दसलक्ष श्रम घंटे होते हुए 22/07/2014 को 912 दुर्घटना मुक्त दिवस हासिल किए। वर्ष के दौरान चरण-III रिफाइनरी उन्नयन और विस्तार परियोजना की विभिन्न यूनिटें एवं संग्रहण टैंक, सुरक्षित ढंग से चालू किए गए।

आपकी कंपनी, अग्नि और सुरक्षित पद्धतियां अपनाने के लिए निरंतर रूप से प्रशिक्षण देने के प्रति प्रतिबद्ध है। वर्ष के दौरान, 1085 कर्मचारियों और 5788 ठेका कामगारों को आग और औद्योगिक सुरक्षा के बारे में प्रशिक्षित किया गया। संयंत्र वाले और संयंत्र रहित क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार की आपात स्थितियों पर विचार करते हुए नियमित रूप से नकली प्रदर्शन किए गए।

## 1.6 पर्यावरण प्रबंधन और निष्पादन

आपकी कंपनी की मान्यता है '' अनुपालन के परे काम करना ''– अर्थात् कानून में अपेक्षित न्यूनतम मानदंड से बेहतर प्रदर्शन करना। पर्यावरण प्रबंधन तंत्र में आपकी कंपनी की रिफाइनरी को ISO 14001: 2004 का प्रमाणीकरण हासिल हुआ है। पर्यावरण प्रबंधन और निष्पादन के छोर पर प्रमुख उपलब्धियाँ इस प्रकार रहीं:

- चरण–III में उन्नत अपशिष्ट जलोपचारक संयंत्र (डब्ल्यूडब्ल्यूटीपी)है जिसमें तेल बहिस्राव उपचार यूनिट, सीक्वेंशियल बैच रीएक्टर (एसबीआर)और मेंब्रेन बायो रीएक्टर (एमबीआर)शामिल है। यह यूनिट, वर्ष के दौरान चालू की गई।

- रिफाइनरी में गंधक पैस्टिलेशन यूनिट, गंधक रिकवरी यूनिट (एसआरयू)में धूल का उत्सर्जन कम करने की दृष्टि से चालू की गई।
- रिफाइनरी में दोबारा उपयोग करने की खातिर उपचारित जल की मात्रा बढ़ाने के लिए 30/10/2013 को एक उन्नत किस्म का रिवर्स ऑस्मोसिस संयंत्र (आरओ)चालू किया गया।
- डब्ल्यूडब्ल्यूटीपी का निष्पादन सुधारने की दृष्टि से भुक्त शेष कॉस्टिक का उपचार करने के लिए रिफाइनरी में आर्द्र वायु ऑक्सीकरण (डब्ल्यूएओ) यूनिट स्थापित किया गया है।
- वर्ष के दौरान डब्ल्यूडब्ल्यूटीपी-III में वाष्पशील कार्बनिक यौगिक (वीओसी)रिकवरी तंत्र चालू किया गया। रिफाइनरी में 74,000 स्थानों पर वीओसी उत्सर्जन पर नजर रखने का काम एक प्रतिष्ठित एजेंसी के सुपुर्द किया गया है और उत्सर्जन कम करने की दिशा में निवारक उपाय कारगर तरीके से किए जा रहे हैं।
- प्रोसेस यूनिट में एक संघनित रिकवरी यूनिट चालू की गई जिससे ताजा पानी की खपत कम हुई है।
- डब्ल्यूडब्ल्यूटीपी के एक अंग के तौर पर रिफाइनरी में क्लोस्ड बायोरेमेडिएशन यूनिट चालू की गई।
- आस-पास के गांवों और स्कूलों में कर्नाटक राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (केएसपीसीबी)के सहयोग से वक्त-वक्त पर पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाते हैं।
- कर्नाटक वन विभाग, कर्नाटक सरकार से रिफाइनरी के 120 एकड़ के क्षेत्र में हरित पट्टी विकसित करने का अनुरोध किया गया है। वन विभाग ने, आपकी कंपनी के रिफाइनरी क्षेत्र में पौधे और पेड़ लगाना शुरू किया है।
- रिफाइनरी में क्रूड टैंकों की सफाई करने के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी अपनाई गई है।
- मेसर्स कॉलेज ऑफ फिशरीस द्वारा पाक्षिक आधार पर समुद्री जल की गुणवत्ता का अनुप्रवर्तन किया जा रहा है जिससे यह संकेत मिला कि उपचारित बहिस्राव के विसर्जन से समुद्री पर्यावरण पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड रहा है।
- रिफाइनरी के इर्द-गिर्द, दस भूमि जल निगरानी केंद्र स्थापित किए गए हैं और केएसपीसीबी के साथ भूमि जल की गुणवत्ता पर नियमित रूप से निगरानी रखी जा रही है। वर्ष के दौरान कूलिंग टावर में पुनःचक्रित औसत बहिस्राव का प्रमाण करीब 70-75% रहा।
- संशोधित राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी मानक के अनुसार रिफाइनरी के अंदर और बाहर 9 स्थानों पर (चरण-III परियोजना स्थल पर दो स्थानों सहित)परिवेशी वायु की गुणवत्ता पर निगरानी रखी जा रही है।

आपकी कंपनी ने नीचे उल्लिखित परियोजनाएँ भी हाथ में ली है जो स्थापना के विभिन्न चरणों में हैं:

आपकी कंपनी ने नीचे उल्लिखित परियोजनाएँ भी हाथ में ली है जो चालू होने के विभिन्न चरणों में हैं:

- चरण-III के तहत रिफाइनरी की परियोजना में हल्के हाइड्रोकार्बन संग्रहण टैंकों के लिए वाष्प रिकवरी तंत्र।
- संग्रहण टैंकों में स्वचालित रिम्म सील संरक्षण स्थापना।
- एलपीजी स्फीयर्स और मौल्डेड बुलेट्स पीएसवी बहिस्राव का संस्फुरण हेडर के साथ कनेक्शन।

## 1.7 विपणन

### 1.7.1 विपणन और कारोबार विकास

आपकी कंपनी, कर्नाटक राज्य और उसके आस-पास के राज्यों में पेट्रोलियम उत्पादों के प्रत्यक्ष बिक्री खंड में अपना बाजार अंश लगातार बढाती रही है। वित्तीय वर्ष 2013-14 के दौरान विपणन में कुल प्रत्यक्ष कारोबार ₹2589 करोड़ रहा।

उत्तर कर्नाटक और गोवा में प्राकृतिक गैस पाइपलाइन मिलने के बाद, कुछ प्रमुख ग्राहक, गैस के बदले द्रव ईंधन अपनाने लगे हैं जिससे द्रव ईंधन बाजार में कमी महसूस हो रही है। लेकिन आपकी कंपनी, अप्रैल, 2014 के दौरान चरण-III परियोजना में चालू की गई डीलेड कोकर यूनिट (डीसीयू) से उत्पादित पेट्रकोक की बिक्री के लिए अच्छा बाजार ढूँढ पाई है।

आपकी कंपनी, चरण- III रिफाइनरी परियोजना में चालू की गईं विभिन्न यूनिटों के जरिए पेट्रकोक, पॉलीप्रॉपीलीन (पीपी)आदि जैसे विभिन्न मूल्य वर्धित उत्पादों के लिए अपना प्रत्यक्ष विपणन जाल विकसित करती रही है।

### 1.7.2 खुदरा प्रचालन

एचएसडी के लिए दोहरा कीमत निर्धारण पेश करने के बाद आपकी कंपनी ने एचएसडी की थोक बिक्री में कदम रखा जिससे थोक उपभोक्ता खंड में बिक्री में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। मिश्रित ज़ाइलीन की देशी बिक्री में पिछले वर्ष के मुकाबले काफ़ी इज़ाफ़ा हुआ है। खुदरा खंड में धीरे-धीरे एचएसडी के विनियंत्रण को देखते हुए, आपकी कंपनी, चुनिंदा बाजारों में गिने-चुने खुदरा केंद्र स्थापित करने के अवसरों का मूल्यांकन कर रही है।

### 1.7.3 नए उत्पादों को बेचने की योजना

आपकी कंपनी, 440 केटीपीए की क्षमता वाला पॉलीप्रॉपीलीन संयंत्र स्थापित करने जा रही है जिससे अनुप्रवाह प्रोसेसिंग उद्योग को कच्चा माल आसानी से मिलेगा। देशी बाजार में महत्वपूर्ण क्षेत्रों में पॉलीप्रॉपीलीन (पीपी) की बिक्री के लिए चैनल साझेदारों को पहचाना गया है। इसके अलावा, आपकी कंपनी, विपणन जाल के लिए अपना आपूर्ति चेन संभालने के लिए कर्नाटक में पॉलीप्रॉपीलीन (पीपी) के लिए संग्रहण संरचना भी विकसित कर रही है।

### 1.7.4 संयुक्त उद्यम

आपकी कंपनी का, भारतीय हवाई अड्डों पर देशी और अंतर्राष्ट्रीय एअरलाइनों, दोनों को एविएशन टर्बाइन ईंधन (एटीएफ)उपलब्ध कराने वाले शेल्ल एमआरपीएल एविएशन प्यूएल सर्वीसस प्राइवेट लिमिटेड (एसएमएएफएसएल)के नाम से लोकप्रिय शेल्ल बी.वी.नेदरलैंड के साथ संयुक्त उद्यम (जेवी)अच्छा चल रहा है।

एसएमएएफएसएल का कुल कारोबार, पिछले वित्तीय वर्ष 2012-13 के दौरान ₹486 करोड़ के मुकाबले वित्तीय वर्ष 2013-14 के दौरान ₹651 करोड़ रहा और कर पूर्व लाभ, पिछले वित्तीय वर्ष 2012-13 के दौरान ₹13.14 करोड़ के मुकाबले वित्तीय वर्ष 2013-14 के दौरान ₹18.40 करोड़ रहा। कंपनी ने पिछले वित्तीय वर्ष 2012-13 के 8% की तुलना में वित्तीय वर्ष 2013-14 के दौरान 10% का लाभांश घोषित किया।

## 2. पुरस्कार और मान्यता:

- सार्वजनिक प्रतिष्ठान विभाग ने 04.07.2013 से एमआरपीएल की श्रेणी अनुसूची ' बी ' से अनुसूची ' ए ' तक बढ़ाई जिससे आपकी कंपनी ''नवरत्न'' दर्जा हासिल करने के लिए पात्र हुई है।
- स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण संबंधी मानदंड पूरा करते हुए उत्पादन और प्रचालन दक्षता में चोटी का निष्पादन दर्शाने के लिए प्रतिष्ठित पेट्रोफेड का ' वर्ष की रिफाइनरी ' का पुरस्कार हासिल किया।
- स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण संबंधी मानदंड पूरा करते हुए उत्पादन और प्रचालन दक्षता में चोटी का निष्पादन दर्शाने के लिए 2011-12 के लिए प्रतिष्ठित पेट्रोफेड का ' वर्ष की रिफाइनरी' का पुरस्कार हासिल किया।
- फेडरनेशन ऑफ कर्नाटका चेंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री से विनिर्माता/ निर्यातकर्ता (बडी श्रेणी)-स्वर्ण में '' निर्यात में उत्कृष्टता पुरस्कार 2013 '' प्राप्त किया।
- नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (टॉलिक), मंगलूर ने वर्ष 2012-2013 के लिए हिन्दी कार्यान्वयन के क्षेत्र में असाधारण निष्पादन के लिए 28/05/2013 को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया।
- 6.0 की जटिलता वाली रिफाइनरी श्रेणी के अधीन वर्ष 2011-12 और 2012-13 के लिए ऊर्जा निष्पादन के लिए जवाहर लाल नेहरू शताब्दी पुरस्कार में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया।

- 1000 MM Kcal/घंटे से अधिक हीट ड्यूटी वाले फर्नेस/बॉइलर दक्षता के लिए ओजीसीएफ–2012 पुरस्कार में प्रथम पुरस्कार हासिल किया।
- कर्नाटका सरकार से मध्यम/बड़ी श्रेणी–स्वर्ण में क्रमशः 2012–13 और 2011–12 के लिए ' राज्य में निर्यात उत्कृष्टता पुरस्कार ' हासिल किया गया।
- 43वें राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस समारोह के अवसर पर कारखाना और बॉइलर विभाग से '' उत्कृष्ट ईंधन कुशल बॉइलर प्रचालन '' के लिए पुरस्कार हासिल किया।

## 3. साख संबंधी प्रोफाइल

3.1 आईसीआरए ने दोबारा पुष्टि की है कि उसने आपकी कंपनी को "Ir AAA" का (जिसका उच्चारण होता है IR ट्रिपल A)दर्जा दिया है। यह दर्जा यह संकेत देता है कि आईसीआरए ने साख की गुणवत्ता के सिलसिले में सर्वाधिक दर्जा दिया है और दर्जा प्राप्त संस्थान को ऋण देने में सब से कम जोखिम है।

3.2 आईसीआरए ने एमआरपीएल की ₹3000 करोड़ की निधि आधारित सीमाओं के लिए "[ICRA] AAA" का दर्जा दिया है (जिसका उच्चारण है ICRA ट्रिपल A)। यह दर्जा " स्थिरता '' दर्शाता है।

3.3 आईसीआरए ने इस बात की पुष्टि की है कि आपकी कंपनी की ₹4,000 करोड़ की निधि आधारित सीमाओं के लिए "[ICRA] A1+" (जिसका उच्चारण होता है ICRA A वन् प्लस्स) का दर्जा दिया गया है।

3.4 आईसीसआरए ने आपकी कंपनी द्वारा जारी ₹1,500 करोड़ के वाणिज्यिक पत्र कार्यक्रम के लिए "[ICRA] A1+" ((जिसका उच्चारण है ICRA A वन्न प्लस्स) का दर्जा देने की दोबारा पुष्टि की है। इस दर्जे से संकेत मिलता है कि वित्तीय बाध्यताओं का वक्त पर भुगतान करने की बात एकदम सुरक्षित है अर्थात् ऋण देने में जोखिम एकदम कम है।

3.5 क्राइसिल ने "[CCR AAA] " (जिसका उच्चारण होता है CCR ट्रिपल A)दर्जा देने की दोबारा पुष्टि की है। यह दर्जा इस ओर इशारा करता है कि ऋण चुकाने में आपकी कंपनी की स्थिति एकदम मजबूत है।

## 4. वित्तीय लेखाकरण:

वित्तीय विवरण, आम तौर पर स्वीकृत लेखा संबंधी सिद्धांतों (जीएएपी), भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) द्वारा जारी आपकी कंपनी की गतिविधियों के लिए लेखाकरण पर समस्त लेखाकरण मानक संबंधी मार्गदर्शन टिप्पणी और अनुसूची में दिए गए प्रारूप तथा कंपनी अधिनियम, 1956 के अन्य संबंधित प्रावधानों के अनुसार तैयार किए गए हैं। एमसीए परिपत्र सं.1/19/2013–सीएल–वी दिनांक 04/04/2014 में स्पष्ट किया गया है कि 1 अप्रैल, 2014 से पहले शुरू हुए वित्तीय वर्षों के संबंध में संलग्न किए जाने के लिए अपेक्षित दस्तावेजों के साथ वार्षिक लेखे/वित्तीय विवरण, लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट और मंडल की रिपोर्ट, कंपनी अधिनियम, 1956 के संबंधित प्रावधानों/अनुसूचियों/नियमों के अधीन होगी।

## 5. आंतरिक नियंत्रण प्रणाली

आपकी कंपनी में सुव्यवस्थित आंतरिक नियंत्रण तंत्र है जो उसके आकार और प्रचालन स्वरूप के अनुरूप है। आंतरिक नियंत्रण तंत्र ऐसे बनाए गए हैं जिससे वित्तीय रिपोर्टिंग में विश्वसनीयता पर उचित आश्वासन दिया जा सके, लेन–देन का उचित प्राधिकरण सुनिश्चित किया जा सके, कंपनी की आस्तियों की हिफ़ाज़त की जा सके और दुरुपयोग / हानि को रोका जा सके तथा कानूनी अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके।

आंतरिक नियंत्रण तंत्र में, ठीक तरह से परिभाषित अधिकारियों के प्रत्यायोजन और व्यापक प्रबंध सूचना तंत्र के साथ परिचालन और वित्तीय निष्पादन की समीक्षा की जाती है, ठीक तरह से रची गई बजटिंग प्रक्रिया है जिसके तहत खर्च पर नियमित रूप से निगरानी रखी जाती है, आधुनिकतम ईआरपी तंत्र और आंतरित लेखा परीक्षा है।

आंतरिक लेखा परीक्षा टीम को एक पेशेवर लेखा परीक्षा प्रबंधक संभालते हैं जिनकी संगठन के विभिन्न विभागों के वित्तीय और तकनीकी कर्मचारी मदद करते हैं। आंतरिक लेखा परीक्षा, कंपनी के प्रबंधन और सांविधिक लेखा परीक्षकों के साथ परामर्श करने के बाद अंत में लेखा परीक्षा समिति द्वारा अनुमोदन मिलने पर वर्ष के प्रारंभ में तैयार की गई योजना के अनुसार की जाती है। लेखा परीक्षा योजना के तहत सभी महत्वपूर्ण जोखिम क्षेत्रों को समाने, मौजूद प्रक्रियाओं, नियंत्रणों एवं अनुपालन की प्रभावशालिता की समीक्षा और मूल्यांकन करने तथा नीतियों एवं क्रियाविधियों का अनुपालन सुनिश्चित करने के प्रयास किए जाते हैं। कंपनी के आंतरित लेखा परीक्षकों द्वारा लेखा परीक्षा को लेकर की गईं समस्त महत्वपूर्ण टिप्पणियों की प्रबंधन द्वारा नियमित रूप से समीक्षा की जाती है। लेकिन, प्रबंधन की प्रतिक्रियाओं/जवाबों के साथ लेखा परीक्षा के बारे में समस्त टिप्पणियाँ और अनुवर्ती कार्रवाइयाँ, लेखा परीक्षा समिति के समक्ष समीक्षार्थ आवधिक रूप से पेश की जाती हैं।

## 6. परियोजनाएं

### क) क) चालू परियोजनाएँ

### i. चरण III रिफाइनरी उन्नयन और विस्तार परियोजना

चरण III रिफाइनरी उन्नयन और विस्तार परियोजना की गौण प्रोसेस यूनिटों को चालू करने का कार्य लगभग पूरा हो चुका है जिससे अधिक आसुत का उत्पादन होगा और कम मूल्य के काले तेल से प्रॉपीलीन, गैसोलीन जैसे अधिक मूल्यवान उत्पादों का उत्पादन किया जा सकेगा।

क्रूड आसवन यूनिट (सीडीयू), हाइड्रोजन उत्पादन यूनिट (एचजीयू) और डीज़ल जलोपचारक यूनिट (डीएचडीटी), पिछले वित्तीय वर्ष में चालू की गईं। अप्रैल और मई 2014 में डीलेड कोकर यूनिट (डीसीयू), गंधक रिकवरी यूनिट (एसआरयू) और कोकर गैस तेल जलोपचारक यूनिट (सीएचटीयू) का एक ट्रेन चालू करने के बाद रिफाइनरी ने प्रमुख मील पत्थर कायम किए। चरण–III में अंतिम प्रोसेस यूनिट, पेट्रो (पीएफसीसीयू) यूनिट, चालू करने के अंतिम चरण में है जिसे शीघ्र ही चालू किया जाएगा।

मेसर्स बीएचईएल द्वारा क्रियान्वित किए जा रहे कैप्टिव पावर प्लांट (सीपीपी)पूरा करने में विलंब होने के कारण ही इसे चालू करने में विलंब हुआ। अधिकतर प्रमुख उपकरण चालू किए जा चुके हैं और उम्मीद की जाती है कि सीपीपी, चरण– की तमाम यूनिटें चलाने के लिए अपेक्षित प्रमाण में भाप और विद्युत की आपूर्ति कर पाएगा।

चरण– रिफाइनरी उन्नयन और विस्तार परियोजना पर आपके कंपनी द्वारा 15/07/2014 तक कुल मिलाकर करीब ₹11500 करोड़ का व्यय किया गया था।

### ii. पॉलीप्रॉपीलीन परियोजना (पीपी):

आपकी कंपनी द्वारा लाइसेंसकर्ता मेसर्स नावोलीन टेक्नॉलजी, जर्मनी के साथ चरण–III परियोजना के एकीकरण के साथ ₹1804 करोड़ के अनुमानित पूँजीगत परिव्यय पर स्थापित की जा रही पॉलीप्रॉपीलीन (पीपी) यूनिट में 15/07/2014 को 95.6% की समग्र प्रगति हासिल की गई थी।

पीडीएफ द्वारा साइट खाली न करने के कारण यूनिट का स्थान बदलना पड़ा जिससे साइट कार्य में और पर्यावरण संबंधी मंजूरी पाने में विलंब हुआ। उम्मीद की जाती है कि यांत्रिक रूप से यह परियोजना पूरा होने के बाद जल्द ही चालू होगी। इस परियोजना पर 15/07/2014 तक कुल मिलाकर ₹960 करोड़ व्यय किया गया था।

### iii. सिंगल पाइंट मूरिंग (एसपीएम)परियोजना

आपकी कंपनी ने, बहुत बडे क्रूड जहाजों (वीएलसीसी)को संभालने के लिए समुद्र के अंदर 16 किलोमीटर की दूरी पर 30 मीटर की गइराई में बंदरगाह की सीमाओं के अंदर तटवर्ती बूस्टर पंपिंग केंद्र के साथ ₹1044 करोड़ की अनुमानित लागत पर एसपीएम परियोजना स्थापित की है। 87('000MT) टीएमटी के कार्गो के साथ पहले क्रूड जहाज

रत्न पूजा को अनलोड करने के साथ एसपीएम को 29/08/2013 को सफलता से चालू किया गया।

इस सुविधा की बदौलत, कंपनी, यूएज़ मैक्स / वीएलसीसी जहाजों में क्रूड प्राप्त कर सकेगी जिससे बदले में माल भाड़े में बचत होने के साथ-साथ पश्चिम अफ्रीकी देशों और लातिन अमेरिकी देशों से क्रूड हासिल करना भी संभव होगा। इस सुविधा से नव मंगलूर पोर्ट ट्रस्ट (एनएमटीपी) में मौजूदा बर्थ सुविधा में भीड़ भी कम होगी जिससे विलंब शुल्क कम होगा।

iv. **रिफाइनरी निष्पादन सुधार कार्यक्रम**

आपकी कंपनी ने, उच्च प्रौद्योगिकी केंद्र, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपी एण्ड एनजी)के तत्वावधान में मेसर्स शेल्ल ग्लोबल सोल्यूशन्स इंटरनैशनल बी.वी. के जरिए रिफाइनरी निष्पादन सुधार कार्यक्रम (आरपीआईपी)हाथ में लिया है।

आरपीआईपी का मक़सद है, प्रचालन, ऊर्जा और उपयोगिताओं की खपत का इष्टतमीकरण करने, हाइड्रोकार्बन हानि को कम करने और रख-रखाव एवं निरीक्षण पद्धतियों में सुधार करने सहित लाभ की मात्रा पर असर डालने वाले क्षेत्रों में बेहतरीन प्रचालन पद्धतियाँ अपनाते हुए सुधार करने के अवसर पहचानना।

मूल्यांकन के बाद विकसित पीएफआई (कार्यान्वयन के प्रस्ताव), कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं।

ख) **भावी परियोजनाएँ**

आपकी कंपनी ने कर्नाटक सरकार के साथ, लीनियर अल्काइल बेंज़ीन (एलएबी) संयंत्र लगाने (अपमार्जक बनाने के लिए ज़रूरी कच्चा माल)और मंगलूर में तकनीकी-आर्थिक व्यवहार्यता और अपेक्षित संरचना की उपलब्धता के अधीन ₹8,500 करोड़ के अनुमानित निवेश पर 3 से 6 वर्षों में अपनी परिष्करण क्षमता 18/21 एमएमटीपीए तक बढाने के लिए, सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए।

7. **ऊर्जा का संरक्षण, प्रौद्योगिकी का समावेश और विदेशी मुद्रा अर्जन एवं व्यय :**

ऊर्जा के संरक्षण, प्रौद्योगिकी के समावेश और विदेशी मुद्रा अर्जन एवं व्यय के संबंध में कंपनी (निदेशकों की रिपोर्ट में विवरणों का प्रकटीकरण) नियम, 1988 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 217(1)(ई)का अनुसरण करते हुए प्रकट करने के लिए अपेक्षित अतिरिक्त जानकारी 'अनुबंध-I' में दी गई है जो इस रिपोर्ट का ही एक अंग है।

8. **कर्मचारियों के विवरण**

एक सरकारी कंपनी होने के नाते आपकी कंपनी को कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 217(2ए) और कर्मचारी विवरण (संशोधन) नियम, 2011 के तहत प्रकटन करने से छूट दी गई है।

9. **सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005**

आपकी कंपनी की आरटीआई पुस्तिका, उसके वेबसाइट www.mrpl.co.in पर उपलब्ध है जिसमें तमाम अपेक्षित जानकारी प्रकट की गई है।

वर्ष के दौरान, 114 आवेदन पत्र मिले जिनमें से 111 आवेदन पत्र, 31.03.2014 से पहले और बचे रहे 3 आवेदन पत्र बाद में निपटाए गए।

10. **मानव संसाधन**

- वर्ष 2013-14 के दौरान आपकी कंपनी का अपने सहयोगियों के साथ संबंध हार्दिक एवं सौजन्यपूर्ण रहा और इसके सबूत के तौर पर, इस दौरान किसी औद्योगिक उपद्रव के कारण एक भी श्रम घंटा गंवाया नहीं गया।वर्ष के दौरान आपकी कंपनी ने 114 कर्मचारियों की भर्ती की। इनमें से 8 महिला कर्मचारी, 44 अनुसूचित जाति (एससी) / अनसूचित जनजाति के (एसटी) कर्मचारी हैं।
- 31.03.2014 को कर्मचारियों की कुल संख्या, 127 महिला कर्मचारियों, अ.जा/अ.ज.जा. के 191 कर्मचारियों और शारीरिक दृष्टि से विकलांग कर्मचारियों सहित 1715 रही। 704 कर्मचारी, प्रबंधन संवर्ग के हैं जब कि 1011 कर्मचारी, गैर-प्रबंधन संवर्ग के अधीन आते हैं।
- वर्ष 2013-14 के दौरान आपकी कंपनी ने प्रशिक्षण, विकास और शिक्षा के लिए कुल मिलाकर 4809 श्रम-दिवस लगाए जो प्रति कर्मचारी औसतन 3 श्रम-दिवस बनता है। इसमें समग्र कर्मचारियों के लिए कार्यात्मक, विकासात्मक और विशिष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए गए ।

11. **राजभाषा**

आपकी कंपनी, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार राजभाषा नीति का अक्षरशः पालन कर रही है। कर्मचारियों में हिन्दी का प्रचार बढ़ाने की खातिर, मंगलूर, मुंबई, दिल्ली और बेंगलूर कार्यालयों में हिन्दी कार्यशालाएँ नियमित रूप से चलाई गईं। कर्मचारियों के लाभार्थ हिन्दी आशुलिपी के अलावा प्रबोध, प्रवीण और प्राज्ञा जैसी कक्षाएं नियमित रूप से चलाई जाती रही हैं। कर्मचारियों द्वारा हिन्दी में पत्राचार का प्रतिशत बढ़ाने के लिए, आपकी कंपनी में प्रयुक्त तमाम कंप्यूटरों पर यूनिकोड सुविधा को सक्रिय करने के लिए विशेष प्रयास किए गए। हिन्दी का प्रयोग करने के लिए कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से, नकद पुरस्कार और वैयक्तिक वेतन जैसी प्रोत्साहन योजनाएं शुरू की गई।

12. **सतर्कता प्रकार्य:**

आपकी कंपनी ने सतर्कता कार्य के लिए रचनात्मक तंत्र विकसित किया है और इसका मक़सद है सभी हिस्सेदारों के समक्ष सतर्कता की उपयोगिता को स्थापित करना। इस प्रक्रिया के दौरान अधिक पारदर्शिता लाने के लिए बहु आयामी नियंत्रण और संतुलन रखा जाता है। वर्ष के दौरान सतर्कता जागरूकता और निवारक सकर्तता गतिविधियां लगातार चलाई गईं। केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी)के दिशानिर्देशों का पालन किया जा रहा है। संवेदनशील पद संभालने वाले अधिकारियों का नियमित रूप से आवर्तन किया जाता है।

कर्मचारियों के लिए मुखबिर नीति बनाई गई है जिससे यह सुनिश्चित किया जाता है कि ईमानदार मुखबिर को किसी भी प्रकार के उत्पीड़न से संरक्षण प्रदान किया जाता है। सीवीसी के अनुदेशों का पालन करते हुए आपकी कंपनी ने शिकायत संभालने वाली नीति लागू की है जिसमें विभिन्न स्रोतों से प्राप्त शिकायतों को दर्ज किया जाता है और उनकी सतर्कता की निगाहों से जांच-पड़ताल की जाती है। आगे, सीवीसी के अनुदेशों के अनुरूप आपकी कंपनी ने ई-भुगतान और ई-टेंडर के बारे में बहुत ही उच्च अनुपालन स्तर हासिल किया।

पारदर्शिता बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी का फ़ायदा उठाने पर अधिक बल दिया जा रहा है जिसमें सतर्कता ने एक उत्प्रेरक की भूमिका निभाई है। कंपनी के वेबसाइट में, डाउनलोड करने लायक टेंडर संबंधी दस्तावेज प्रदर्शित किए जाते हैं, नामांकन आधार पर दिए गए कार्य के बारे में सूचना प्रकट की जाती है, ठेके देने के बाद जरूरी सूचना प्रकट की जाती है।

पूर्ण कालिक मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ)काम कर रहे हैं और संतर्कता संबंधी शिकायतों के बारे में इनसे cvo@mrplindia.com पर संपर्क किया जा सकता है।

13. **सुरक्षा उपाय**

आपकी कंपनी की रिफाइनरी की सुरक्षा को लेकर समय-समय पर आसूचना ब्यूरो (आईबी), गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्दिष्ट तेल क्षेत्र के लिए संरचना संरक्षण योजना (ओएसआईपीपी)और सुरक्षा लेखा परीक्षा संबंधी सिफारिशों का कार्यान्वयन किया जाता है। आपकी कंपनी की रिफाइनरी की सुरक्षा की देखभाल, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ)द्वारा की जाती है और नए सिरे से चालू की गई चरण-III परियोजना को सीआईएसएफ के दायरे में लाने की दिशा में सर्वेक्षण किया जा रहा है समग्र रिफाइनरी

के लिए एकीकृत सुरक्षा निगरानी तंत्र स्थापित करने की परियोजना पर विचार किया जा रहा है।

सुरक्षा के लिए आपकी कंपनी की कार्यसूची में प्रथम स्थान दिया गया है और कार्य स्थान पर सुरक्षा की दृष्टि से तैयार रहने के लिए वक्त-वक्त पर नकली प्रदर्शन किए जाते हैं। सभी हिस्सेदारों में सुरक्षा के मुद्दे पर जागरूकता उत्पन्न करने की दृष्टि से, सुरक्षा जागरूकता सप्ताह आयोजित किए जाते हैं।

## 14. निगमित सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) की तरफ पहल

समाज कल्याण और सामुदायिक विकास की तरफ पहल के तौर पर आपकी कंपनी शिक्षा के महत्वपूर्ण क्षेत्रों, स्वास्थ्य की देखभाल और प्रचालन क्षेत्रों के इर्द-गिर्द बुनियादी सुविधाओं के समग्र विकास पर खासा ध्यान देती है। आपकी कंपनी का सीएसआई उद्देश्य, डीपीई के दिशानिर्देशों के अनुरूप है जिसे " संरक्षण " के नाम के अधीन बढावा दिया जा रहा है। इसमें " हमारे कारोबार क्षेत्र के इर्द-गिर्द समाज, संस्कृति और पर्यावरण की धरोहर और संपत्ति का संरक्षण, परिरक्षण और प्रचार करने तथा संधारणीय विकास करने के प्रति भावना और प्रतिबद्धता " झलकती है। शिक्षा के लिए लगातार समर्थन देने के लिए मध्याह्न भोजन की सुविधा, कंप्यूटर कक्ष स्थापित करने, आंगनवाडी भवन बनाने, युवाओं की खातिर कुशलता विकास प्रशिक्षण, बुनियादी सुविधाओं का विकास आदि जैसी गतिविधियाँ संरक्षण गतिविधियों का एक अंग हैं।

आपकी कंपनी ने वर्ष 2013-14 के दौरान सीएसआर गतिविधियों के लिए ₹3.47 करोड़ खर्च किए।

## 15. निदेशक

वर्ष के दौरान, आपकी कंपनी के निदेशक मंडल में नीचे उल्लिखित परिवर्तन हुए:

15.1 श्री सुधीर वासुदेव की ओएनजीसी की सेवाओं से निवृत्त होने के परिणामस्वरूप श्री डी.के. सर्राफ़ ने, 01/03/2014 से सीएमडी, ओएनजीसी और आपकी कंपनी के अध्यक्ष/निदेशक का पद संभाला।

15.2 सेवानिवृत्ति की उम्र प्राप्त होने के फलस्वरूप, श्री पी पी उपाध्या, प्रबंध निदेशक, 31 जुलाई, 2014 को एमआरपीएल की सेवाओं से निवृत्त हुए। श्री विष्णु अग्रवाल, निदेशक(वित्त)ने 01/08/2014 से प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार संभाला।

15.3 श्री वी जी जोशी को 04/04/2013 से निदेशक (रिफाइनरी)के रूप में नियुक्त किया गया।

15.4 श्री पी. कल्याणसुंदरम्,संयुक्त सचिव, एमओपी एण्ड एनजी को श्री पी.के. सिंह, के स्थान पर 15/04/2013 से सरकारी निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया। आवर्तन से सेवानिवृत्त होने वाले श्री पी. कल्याणसुंदरम् ने, पात्र होने के नाते निदेशक के रूप में अपनी पुनःनियुक्ति की पेशकश की।

15.5 एचपीसीएल की सेवाओं से निवृत्त होने के फलस्वरूप श्री के मुरली के स्थान पर श्री बी के नामदेव, निदेशक, रिफाइनरी (एचपीसीएल) को 01/07/2013 से निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया। श्री बी.के. नामदेव ने, जो आवर्तन के आधार पर सेवानिवृत्त होनेवाले हैं और पात्र होने के कारण अपनी पुनर्नियुक्ति की पेशकश की।

15.6 श्री बी रवींद्रनाथ, 06/01/2014 से स्वतंत्र निदेशक/आईडीबीआई बैंक लिमिटेड के नामिती निदेशक नहीं रहे।

15.7 ओएनजीसी के बोर्ड पर स्वतंत्र निदेशक के रूप में अपना 3 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के बाद डॉ. डी. चंद्रशेखरम्, 10/03/2014 से स्वतंत्र निदेशक नहीं रहे।

15.8 मंडल पर विशेष अतिरिक्त रहे श्री के.एस. जेम्सटिन, निदेशक (मा.सं.) के रूप में ओएनजीसी की सेवाओं से 31/07/2014 को निवृत्त हुए और मंडल पर विशेष अतिथि नहीं रहे। श्री ए.के. बैनर्जी, निदेशक (वित्त), ओएनजीसी को 05/08/2014 से एमआरपीएल के बोर्ड पर विशेष अतिथि के रूप में नामित किया गया है।

15.9 बोर्ड, कंपनी के बोर्ड पर अपने कार्यकाल के दौरान निदेशकों/विशेष अतिथि के रूप में श्री सुधीर वासुदेव, श्री पी पी उपाध्या, श्री पी.के. सिंह, श्री के. मुरली, श्री बी. रवीद्रनाथ, डॉ. डी. चंद्रशेखरम् और श्री के.एस. जेम्स्टीन द्वारा प्रदान की गईं सेवाओं और उनके योगदान की भूरि-भूरि प्रशंसा करता है।

## 16. निदेशकों की ज़िम्मेदारी का बयान

कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 217 (2एए) के अधीन निदेशकों की जिम्मेदारी से संबंधित बयान के बारे में अपेक्षाओं का अनुसरण करते हुए यह पुष्टि की जाती है कि :

क. वार्षिक लेखे तैयार करते समय, लागू लेखा मानक अपनाने के साथ-साथ महत्वपूर्ण विचलन के संबंध में उचित स्पष्टीकरण दिया गया है।

ख. उन्होंने ऐसी लेखा नीतियाँ अपनाईं और उनको लगातार लागू किया तथा मुनासिब और विवेकपूर्ण ढ़ंग से फ़ैसले और आकलन किए जिससे कि वित्तीय वर्ष के 2013-14 के अंत में कंपनी के कामकाज का और उस अवधि के लिए कंपनी के लाभ-हानि का सही एवं निष्पक्ष चित्र पेश किया जा सके।

ग. निदेशकों ने कंपनी की आस्तियों की हिफ़ाजत करने तथा धोखाधड़ी और अन्य अनियमितताओं का पता लगाने के लिए कंपनी अधिनियम, 1956 और 2013 के प्रावधानों के अनुसार लेखा संबंधी पर्याप्त रेकॉर्ड रखने के लिए उचित और पर्याप्त सावधानी बरती।

घ. निदेशकों ने वित्तीय वर्ष 2013-14 के लिए वार्षिक लेखे चालू समुत्थान आधार पर तैयार किए हैं।

## 17. मीयादी जमाराशि

आपकी कंपनी ने वर्ष के दौरान सार्वजनिक से कोई मीयादी जमाराशि स्वीकार नहीं की।

## 18. निगमित अभिशासन

18.1 आपकी कंपनी ने, निदेशक मंडल की संरचना की बात को छोड़कर कंपनी शासन की अपेक्षाओं के संबंध में लिस्टिंग संबंधी क़रारनामे के खंड 49 के तमाम अनिवार्यक प्रावधानों का और डीपीई, भारत सरकार द्वारा जारी सीपीएसई के कंपनी अभिशासन संबंधी अनिवार्यक दिशानिर्देशों का पालन किया है।

18.2 वार्षिक रिपोर्ट में कंपनी शासन के बारे में एक अलग खंड दिया गया है जो इस रिपोर्ट का ही एक भाग है।

18.3 लिस्टिंग संबंधी करारनामे के खंड 55 का अनुसरण करते हुए, वित्तीय वर्ष के लिए वार्षिक कारोबार जिम्मेदारी संबंधी रिपोर्ट (एबीआरआर) तैयार की गई है जिसे कंपनी के वेबसाइट www.mrpl.co.in पर अपलोड किया गया है।

18.4 शेयर बाजारों के साथ किए गए लिस्टिंग संबंधी क़रारनामे के खंड 49 का अनुसरण करते हुए, आपकी कंपनी ने कंपनी के लेखा परीक्षकों से निगमित अभिशासन के अनुपालन के बारे में प्रमाणपत्र प्राप्त किया है जिसे इसके साथ संलग्न किया गया है और जो इस रिपोर्ट का ही एक भाग है। अच्छे कंपनी अभिशासन के उपयोग के तौर पर, आपकी कंपनी ने वर्ष 2013-2014 के लिए वार्षिक साचिविक अनुपालन संबंधी लेखा परीक्षा करने के लिए मेसर्स उल्लास कुमार मेलिनमोगरु एण्ड एसोसिएट्स, पेशेवर कंपनी सचिव, मंगलूर को मुकर्रर किया है। उल्लास कुमार मेलिनमोगरु एण्ड एसोसिएट्स, पेशेवर कंपनी सचिव, मंगलूर ने वर्ष 2013-14 के लिए वार्षिक साचिविक अनुपालन संबंधी लेखा परीक्षा रिपोर्ट जारी की है जो इस रिपोर्ट का एक अंग है।

## 19. प्रबंधन विवेचन और विश्लेषण

शेयर बाजारों के साथ लिस्टिंग संबंधी करारनामे के खंड 49 (IV)(एफ) के अनुसार, वर्ष के लिए प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट संलग्न की गई है जो इस रिपोर्ट का ही एक अंग है।

## 20. लेखा परीक्षक:

20.1 भारत के नियंत्रक और महा लेखा परीक्षक (सी एण्ड एजी) ने मेसर्स गोपाल ऐय्यर एण्ड सुब्रमणियन, कोयंबत्तूर और मेसर्स ए राघवेंद्र राव एण्ड एसोसिएट्स, मंगलूर को वित्तीय वर्ष 2013-14 के लिए कंपनी के संयुक्त सांविधिक लेखा परीक्षकों के रूप में नियुक्त किया है।

20.2 अनुबंध III में दी गई सी एण्ड एजी की रिपोर्ट, इस रिपोर्ट का अंग है।

20.3 कंपनी अधिनियम, 1956 के प्रावधानों का अनुसरण करते हुए, वित्तीय वर्ष 2013-14 के लिए कंपनी द्वारा रखे गए लागत लेखों की लेखा परीक्षा, कंपनी कार्य विभाग, भारत सरकार के अनुमोदन के साथ नियुक्त हुए मेसर्स मुसीब एण्ड एसोसिएट्स द्वारा की जाती रही है।

## 21. आभार

- आपकी कंपनी, कारोबार करते समय हमेशा, पर्यावरण के संरक्षण, संधारणीय विकास, सुरक्षित कार्य स्थान और अपने हिस्सेदारों और व्यापक रूप से समुद्राय का जीवन समृद्ध बनाने के प्रति एकदम प्रतिबद्ध रही है।
- आपके निदेशक, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपी एण्ड एनजी), वित्त मंत्रालय (एमओएफ), कंपनी कार्य मंत्रालय (एमसीए), सार्वजनिक प्रतिष्ठान विभाग (डीपीई), पर्यावरण एवं वन मंत्रालय (एमओईएफ), विदेश मंत्रालय(एमईए), जहाजरानी मंत्रालय (एमओएस), गृह मंत्रालय (एमएचए), भारी उद्योग और सार्वजनिक प्रतिष्ठान मंत्रालय (एमओएचआई एण्ड पीई) और अन्य उद्योगों एवं केंद्र एवं राज्य सरकारों, विशेषकर कर्नाटक राज्य सरकार के विभागों के सहयोग, मार्गदर्शन एवं समर्थन के लिए अपना आभार प्रकट करते हैं।
- आपके निदेशक, अपनी मूल कंपनी, ऑयल एण्ड नेचुरल गैस कार्पोरेशन (ओएनजीसी)लिमिटेड से मिलते रहे सतत समर्थन एवं मार्गदर्शन के प्रति अपना आभार प्रकट करते हैं।
- आपके निदेशक, कंपनी के तमाम शेयरधारकों और सदस्यों के, कंपनी के प्रबंधन पर उनके भरोसे, विश्वास और विश्वसनीयता के शुक्रगुज़ार हैं।
- आपके निदेशक, कंपनी को लगातार तरक्की और उत्कर्ष की राह पर लेने जाने के तमाम कर्मचारियों के, एकजुट हो कर और एक टीम की भांति संगठित रूप से किए गए सतत और समर्पित प्रयासों क़ी भूरि-भूरि प्रंशसा करते हैं।

मंडल के लिए और उनकी ओर से

**(श्री डी.के. सर्राफ़)**
**अध्यक्ष**

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 05/08/2014

---

## निदेशकों की रिपोर्ट का अनुबंध-I

### ऊर्जा का संरक्षण

आपकी कंपनी ने परिचालन का इष्टतम उपयोग करते हुए, लगातार निगरानी रखते हुए, संरक्षण संबंधी कई योजनाओं को अमल में लाते हुए ऊर्जा संरक्षण पर पहले की भांति बल देना जारी रखा।

क) वर्ष के दौरान ऊर्जा संरक्षण के प्रति किए गए ख़ास उपाय।
   i) सीडीयू/वीडीयू 3 में हॉट वेल्ल पंप ऑटो स्टार्ट/रोकने की व्यवस्था
   ii) सीडीयू/वीडीयू 3 में इष्टतम प्रचालन विधि।
   iii) सीडीयू/वीडीयू 1 में हीटर और हीटर विनिमायक की सफ़ाई।
   iv) एचसीयू 2 में पुनःचक्रण विपट्टक के हीटर ड्यूटी का इष्टतमीकरण।
   v) रिसाव का सर्वेक्षण करने के बाद संपीडित वायु और नाइट्रोजन नेटवर्क में रिसाव रोकना।

ख) ऊर्जा/संसाधनों की खपत कम करने के लिहाज से यदि कोई निवेश और प्रस्ताव, लागू किए जा रहे हों/विचाराधीन हों तो उनके ब्यौरे।
   i) सीडीयू/वीडीयू 1 में विपट्टन भाप कम करना।
   ii) एचसीयू1 में एपीएच का प्रतिस्थापन।
   iii) संपीडित वायु और नाइट्रोजन नेटवर्क में रिसाव रोकना।
   iv) एचसीयू2 में एपीएच का प्रतिस्थापन।
   v) सीसीआर1 चार्ज पंप की तरफ वीएसडी ड्राइव।

ग) ऊपर (क) में उल्लिखित उपाय करने से ऊर्जा खपत को लगभग 5000 एमटी/वर्ष तक घटाना संभव हुआ जो लगभग ₹74 लाख के निवेश के साथ लगभग ₹195 दशलक्ष/वर्ष की निवल बचत के समान है।

घ) कंपनी ने, वर्ष के दौरान ऊर्जा प्रबंधन तंत्र, ISO 50001 का कार्यान्वयन भी किया।

ङ) रिफाइनरी में ईंधन और हानि, 2012-13 के 7.0% के मुकाबले वर्ष 2013-14 में 7.88% रही। ईंधन और हानि के प्रमाण में वृद्धि, चरण-III परियोजनाओं के तहत यूनिटों को चालू करने के कारण हुई।

च) रिफाइनरी ने, वर्ष 2013-14 के दौरान 60.88 के ऊर्जा सूचक (एमबीटीयू/बीबीएल/एनआरजीएफ)के साथ सर्वाधिक क्रूड का प्रसंस्करण किया।

**पिछले चार वर्ष के दौरान एमआरपीएल का ऊर्जा निष्पादन इस प्रकार है**

| वर्ष | क्रूड थ्रूपुट, एमएमटीपीए (निवल क्रूड) आधार) | जटिलता, एनआरजीएफ (सीएचटी पद्धति) | ऊर्जा सूचक, एमबीएन (एमबीटीयू/ बीबीएल/ एनआरजीएफ) |
|---|---|---|---|
| 2013-14 | 14.547 | 5.354 | 60.88 |
| 2012-13 | 14.403 | 4.895 | 61.01 |
| 2011-12 | 12.818 | 5.487 | 57.92 |
| 2010-11 | 12.639 | 5.585 | 58.13 |

| क) बिजली और ईंधन की खपत | चालू वर्ष 2013-14 | पिछले वर्ष 2012-13 |
|---|---|---|
| 1. इलेक्ट्रिसिटी | | |
| क) खरीदी गई | | |
| यूनिट (दशलक्ष KWH) | 47.96 | 44.00 |
| कुल राशि (₹ दशलक्ष) | 303.00 | 262.86 |
| दर/यूनिट (रु/घथक)* | 6.32 | 5.97 |

*इसमें शामिल है ₹38.67 दशलक्ष का मांग प्रभार (2012-13 के लिए ₹30.59 दशलक्ष)
मांग प्रभार को छोड़कर प्रति KWH यूनिट लागत है ₹5.51 (2012-13 के लिए ₹5.28)

| | | | |
|---|---|---|---|
| ख) | स्वयं उत्पादन | | |
| i) | डीज़ल जनरेटर (सरपाडी में) के जरिए | | |
| | यूनिट (दशलक्ष KWH) | 0.18 | 0.28 |
| | प्रति लीटर डीज़ल का यूनिट (KWH/लीटर) | 3.23 | 3.22 |
| | लागत/यूनिट (रु/KWH) | 15.77 | 14.09 |
| ii) | भाप टर्बाइन जनरेटर के जरिए | | |
| | यूनिट (दशलक्ष KWH) | 746.51 | 688.78 |
| | प्रति लीटर ईंधन तेल के लिए यूनिट (KWH/लीटर) | 3.02 | 2.91<br>12.78 |
| | लागत/यूनिट(रु/KWH) | 12.60 | |
| iii) | गैस टर्बाईन जनरेटर | | |
| | यूनिट (दशलक्ष KWH) | 49.38 | – |
| | प्रति लीटर एलजीओ यूनिट (KWH/लीटर) | 2.11 | – |
| | लागत/यूनिट (रु/KWH) | 23.16 | – |
| 2. | ईंधन तेल | | |
| | परिमाण (एमटी) (तेल + गैस) | 984501.0 | 887937.00 |
| | कुल राशि (₹ दशलक्ष में) | 39038.64 | 35929.08 |
| | औसत दर (₹/एमटी) | 39653.20 | 40463.55 |
| 3. | अन्य/आंतरिक उत्पादन | | |
| | डीज़ल (सरपाडी में) | | |
| | परिमाण (केएल) | 56.74 | 86.68 |
| | कुल लागत (₹ दशलक्ष) | 2.89 | 3.94 |
| | दर (रु/केएल) | 50873 | 45416 |
| 4. | प्रति यूनिट उत्पादन के लिए खपत | | |
| | प्रसंस्कृत कुल क्रूड (टीपीए) | | |
| | खपाया गया कुल ईंधन (टीपीए) | 14546787 | 14402524 |
| | (ईंधन और हानि शामिल है) | 1040206 | 963900 |
| | कुल इलेक्ट्रिसिटी (दशलक्ष KWH) (बाह्य आपूर्ति को घटाने के बाद) | 843.85 | 732.78 |
| | ईंधन की खपत, प्रोसेस किए गए क्रूड का एमटी/एमटी(%) | 7.15 | 6.69 |
| | इलेक्ट्रिसिटी की खपत, प्रसंस्कृत क्रूड का KWH/MT | 58.01 | 50.88 |

## फार्म – ख

### क) क) अनुसंधान और विकास (आर एण्ड डी)

1. **विशिष्ट क्षेत्र, जिनमें कंपनी ने 2013–2014 के दौरान आर एण्ड डी कार्य किया**

क) **क्रूड का परीक्षण**

नीचे उल्लिखित क्रूड के लिए टीबीपी उपकरण के सहारे क्रूड का परीक्षा किया गया: अबू सफेह, दलिया, किसांजे और ज़फ़ीरो

ख) **योज्य का मूल्यांकन**

डीज़ल की स्नेहकता बढ़ाने के लिए योज्य का मूल्यांकन किया गया।

ग) **क्रूड सम्मिश्रण की संगतता**

क्रूड सम्मिश्रण की संगतता के परीक्षण किए गए और क्रूड तेल मिश्रणों की संगतता का पूर्वानुमान लगाने के लिए एक ग्राफिकल मॉडेल विकसित किया गया।

2. **उक्त आर एण्ड डी के परिणामस्वरूप मिले लाभ:**

क) विभिन्न क्रूड का परीक्षण करने से अधिकतम सीमा तक उत्पाद का उत्पादन करने और उत्पाद की गुणवत्ता बढाने की दृष्टि से यूनिट के प्रचालन स्थिति इष्टतम स्तर तक ले जाने में मदद मिली।

ख) योज्य का मूल्यांकन करने से प्रचालन यूनिटों को डोसेज स्तर इष्टतम स्तर तक बढाने और डीजके का निष्पादन सुधारने में योजक के रूप में बायो–डीजल का उपयोग करने की संभावनाओं की खोजबीन करने में मदद मिली है।

ग) क्रूड तेल के सम्मिश्रण की संगतता का पूर्वानुमान लगाने से प्रचालन यूनिटों और प्रोसेस इंजीनियरिंग को कूड सम्मिश्रण का इष्टतमीकरण करना संभव हुआ है।

3. **भावी कार्य योजना:**

क) बहिस्राव जल नमूने में अमोनिकल नाइट्रोजन कम करने की प्रक्रिया विकसित करना।

ख) एफसीसी उत्प्रेरक का अध्ययन।

4. **आर एण्ड डी पर व्यय**

- **पूंजी:** ₹50.30 लाख
- **राजस्व:** ₹38.30 लाख
- **कुल:** ₹88.60 लाख

### ख) प्रौद्योगिकी का समावेश, अनुकूलन और नवप्रवर्तन

i) आपकी कंपनी ने समावेश, अनुकूलन और नवप्रवर्तन के प्रति प्रयास किए।

क) चरण 3 की प्रोसेस यूनिटों, एचजीयू3, डीएचडीटी के लिए प्रौद्योगिकी का समावेश किया गया है।

ख) फर्नेस ड्यूटी में परिवर्तन किए बगैर यूनिट की क्षमता को 3.69 से 4.8 एमएमटीपीए तक बढाने के लिए सीडीयू–1 यूनिट का, प्री–फ्लैश कॉलम के साथ पुनर्योजन किया गया। पुनिर्योजित यूनिट,दोबारा अक्तूबर 2011 में चालू की गई।

ग) चरण–III में आनेवाली पीएफसीसी यूनिट को फीड करने की दृष्टि से वन्स थ्रू मोड ऑपरेशन सक्षम करने के लिए एचसीयू1 और एचसीयू2 यूनिटों का पुनर्निर्माण किया गया है जिनको दोबारा क्रमशः अक्तूबर 2011 और अप्रैल 2012 में चालू किया गया।

घ) गैस तेल जलीय–अवसल्फ्यूरीकरण यूनिट की क्षमता का पुनर्निर्माण कार्य पूरा किया जिससे अप्रैल 2009 के दौरान सयंत्र की क्षमता 30% तक बढाई गई।

ii) उक्त प्रयासों के परिणामस्वरूप प्राप्त किए गए फायदे उदाः उत्पाद में सुधार, लागत में कमी, उत्पाद विकास, आयात प्रतिस्थापन आदि। रिफाइनरी के थ्रूपुट को 14.547 एमएमटीपीए पर बरकरार रखा गया जब कि शुद्ध ईंधन के विनिर्देशों का पालन किया गया जिसके लिए अधिक जटिल परिचालन की ज़रूरत पड़ी । जीओएचडीएस/डीएचडीटी यूनिट की क्षमता के पुनर्निर्माण कार्य से यूरो – III और यूरो -IV श्रेणी के डीज़ल का उत्पादन करने की रिफाइनरी की क्षमता में सुधार हुआ है।

iii) आयातित प्रौद्योगिकी के मामले में (वित्तीय वर्ष के प्रारंभ से पिछले 5 वर्षों के दौरान आयातित) नीचे उल्लिखित जानकारी पेश की जाती है।

क) आयातित प्रौद्योगिकी 2013 में जीओएचडीएस यूनिट की क्षमता का पुनर्निर्माण कार्य, एचसीयू–1 और एचसीयू–2 को वंस–थ्रू मोड में पुनर्योजित करना, एचजीयू3 और डीएचडीटी।

ख) आयात वर्ष
2008–09, 2010–11, 2013–14

ग) क्या प्रौद्योगिकी का पूरी तरह से समावेश किया गया है? जी हां.

घ) अगर पूरी तरह से समावेश न किया गया हो तो यह काम किन क्षेत्रों में नहीं हुआ है और उसकी वजह क्या हैं तथा इस दिशा में भावी कार्य योजनाओं का जिक्र करें।
लागू नहीं।

ग) विदेशी मुद्रा अर्जन और व्यय

(₹ करोड़ में)

| | वित्तीय वर्ष 2013–14 | वित्तीय वर्ष 2012–13 |
|---|---|---|
| विदेशी मुद्रा अर्जन – (निर्यात का एफओबी मूल्य) | 33952 | 32180 |
| विदेशी मुद्रा व्यय | 65678 | 56137 |

अनुबंध – II

## प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट, 2013–14

### 1 आर्थिक परिदृश्य

वैश्विक अर्थव्यवस्था, हर एक विकासशील देशों की तकदीर लिखने में सबसे निर्णायक भूमिका निभाती रही है। बदलती रही आर्थिक और व्यावसायिक स्थिति, उपभोक्ता की नई–नई वरीयताएँ, प्रौद्योगिकी के छोर पर रफ्तार से सामने आती रहीं और अपनाई जाती रहीं नई–नई विधाएँ और वैश्वीकरण से बाजार अधिक प्रतिस्पर्धात्मक हो रहा है, निगमों को काम करने के अपने तौर–तरीके बदलने पर मजबूर होना पड रहा है। इस माहौल में अब कंपनियाँ, अपने मूल कारोबार के उद्देश्यों जैसे राजस्व वृद्धि, लाभप्रदता और आस्ति की दक्षता पर अधिक बदल देती हुई नजर आ रही हैं।

वैश्विक अर्थव्यवस्था में, 2013 के द्वितीय भाग में उभरते हुए देशों से अधिक मांग के चलते वित्तीय वर्ष 2013–14 में मामूली सुधार का सिलसिला शुरु होते नजर आने लगा। हालांकि चालू वर्ष में इस रुख में और तेजी आने की संभावना है, लेकिन सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ–साथ दुनियाभर में वित्तीय संकट के परिणामस्वरूप लागू की गईं यूएस फेडरल रिज़र्व की स्थिति में सहजता लाने की परिमाणात्मक (क्यूई)नीतियों में से कुछ नीतियों का दरकिनार करने के संभावित परिणामों के चलते, मंदी छाई रही।

भारत जैसे उभरते हुए बाजारों को बहुविध चुनौतियों, पूंजीगत बहिर्वाह, विनिमय दर पर तीव्र दबाव और चालू खाते में उतार–चढाव का सामना करना पडा। सतत मुद्रास्फीति, वित्तीय असंतुलन, बाह्य क्षेत्र की अतिसंवेदनशील प्रवृत्ति और कम निवेश जैसे मिले–जुले कारकों से देशी मांग में सुस्त वृद्धि नजर आई। भौगोलिक–राजनीतिक जोखिम, देशी छोर पर मानसून की परेशानी और उम्मीद से बढ़कर थोक मुद्रास्फीति ने रुपए को यूएस डॉलर के मुकाबले निचले स्तर तक ढकेल दिया। लेकिन भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई)का मकसद है, विदेशी मुद्रा बाजार में अतिशय अस्थिरता पर अंकुश लगाना। भारत सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई)द्वारा वित्तीय और मौद्रिक पहल की बदौलत, वित्तीय बाजार की स्थिति में स्थिरता लाना तो संभव हुआ है लेकिन देश में समष्टि–आर्थिक माहौल अभी भी चुनौतिपूर्ण बना हुआ है।

अमेरिका और यूरोप में आर्थिक सुधार का तेल की मांग पर सकारात्मक प्रभाव पडा जिसमें 2013 में 1.3 दशलक्ष बैरल प्रति दिन की बढ़ोतरी हुई। लिबिया, दक्षिण सुदान, पश्चिम अफ्रीका, सिरिया, मिस्र और इराक में आपूर्ति की समस्याओं के कारण क्रूड तेल की कीमतों में व्यापक रूप से उतार–चढाव नजर आया। कुछ हद तक युकरेन में घटनाक्रमों के कारण भौगोलिक–राजनितिक अनिश्चितता ने भी सर उठा लिया है। उच्चतर यूएस शेल तेल उत्पादन से इस तरह की बाधाओं से निपटने में मदद मिली जब कि ब्रेंट क्रूड तेल की कीमतें, 2013 में औसतन $108.7 प्रति बैरल से थोड़ी सी कम रहीं।

पिछले दो वर्षों में भारत के लिए सबसे ज्यादा परेशान करने वाला मुद्दा रहा, डॉलर के मुकाबले रुपए की दुर्बलता, क्रूड कीमतें बढने से रुपए पर दबाव कम हो सकता है। इराक और युकरेन में भौगोलिक–राजनितिक तनाव को देखते हुए वैश्विक बाजार में जोखिम से बचने के तरीके बढने के साथ रुपए का, नकारात्मक दृष्टिकोण से व्यापार किया जा सकता है। आगे, आयातकर्ताओं से डॉलर की मांग और सेंट्रल बैंक से हस्तक्षेप के चलते मुद्रा को दबाव में रखा जा सकता है।

भारतीय अर्थव्यवस्था की दृष्टि से स्थिति में 2013–14 की पहली तिमाही में, सोच–समझकर सकारात्मक व्यावसायिक रुझान, उपभोक्ता के अधिक विश्वास, वृद्धि में मामूली बहाली होने की उम्मीदों और स्फीतिकारक अपेक्षाओं में कमी के चलते सुधार हुआ।

स्थूल रूप से रिजर्व बैंक के जनवरी 2014 में इंगित किए गए प्रक्षेपणों के अनुरूप 2014–15 में मामूली सुधार आने की संभावना है। लेकिन पिछली तिमाहियों में किए गए डेटा में संशोधन और फलस्वरूप मूल प्रभाव में परिवर्तन को देखते हुए आगे वृद्धि के पैमाने में अनिश्चितता बने रहने की संभावना है। तिस पर भी सुधार की रफ्तार मामूली रहने की संभावना है। केंद्र में स्थिर सरकार होने के साथ सुधार के लिए समर्थन के तौर पर निवेश की गतिविधियाँ और कारोबार एवं उपभोक्ता का विश्वास बढ़ने की संभावना है।

स्रोतः

1. समष्टि आर्थिक स्थिति का सामान्य निर्धारण, आर्थिक सहयोग और विकास संगठन, आर्थिक दृष्टिकोण, खंड 2014/1.
2. समष्टि अर्थव्यवस्था और मौद्रिक विकास 2014–15 – भारतीय रिजर्व बैंक की रिपोर्ट।

### 2. औद्योगिक परिदृश्य

कमजोर मांग के कारण, 2013 के दौरान अधिकतर प्राथमिक पण्य पदार्थों की दुनियाभर में कीमतें नियंत्रण में रहीं। आधार रेखा के परिदृश्य में, पण्य पदार्थों की कीमतों में 2014 के दौरान बढ़त होने की संभावना नजर नहीं आ रही है। विकसित और उभरते हुए देशों की अर्थव्यवस्था में धीरे–धीरे सुधार होने और आपूर्ति में सुधार होने की उम्मीद के चलते मांग पर दबाव रहने की उम्मीद नहीं की जा रही है। ब्रेंट क्रूड तेल की हाजिर कीमतें, 2013–14 की चौथी तिमाही में औसतन अमेरिकी $108/बैरल (बीबीएल)के करीब बनी रहीं। अमेरिका ऊर्जा सूचना प्रशासन (ईआईए)के अनुसार, ब्रेंट क्रूड तेल की कीमत, 2014 और 2015 में क्रमशः औसतन अमेरिकी $105/बैरल और अमेरिकी $101 पर बने रहने का पूर्वानुमान लगाया गया है, इस तरह से हल्की सी झुकाव की प्रवृत्ति नजर आती है।

पिछले कुछ वर्षों से देश की परिष्करण क्षमता में काफी इजाफा हुआ है। 2011 से लेकर अब तक परिष्करण क्षमता में, 15% से अधिक बढौतरी हुई है। उम्मीद की जाती है कि देश की परिष्करण क्षमता, बारहवीं योजना अवधि अर्थात्. 2017 के अंत तक 307 एमएमटीपीए तक पहुंचेगी। रिफाइनरी का उत्पादन (क्रूड थ्रूपुट), 2012–13 के 219 एमएमटी के मुकाबले 2013–14 में 222 एमएमटी रहा।

वर्ष 2013–14 के दौरान परिष्करण मुनाफा कम रहा। देशी यूएस हल्के क्रूड उत्पादन में बढत से, यूएस से अतिशय गैसोलीन के निर्यात की पश्चिम अफ्रीकी और लातिन अमेरिकी बाजार में यूरोप के साथ प्रतिस्पर्धा के चलते आयातित गैसोलीन की मांग में एकदम गिरावट आई है। आने वाले वर्ष में

रिफाइनर्स के लिए इस दृश्य में सुधार होने की कोई संभावना नहीं है। ' हल्के-मधुर ' और ' भारी खट्टा क्रूड तेल ' के बीच कीमत में अंतर एक ही स्तर पर रहा क्योंकि वह विनिर्माण स्तर पर रहा जिसके कारण खट्टा क्रूड का प्रोसेसिंग करने के लिए कोई प्रतिफल नहीं मिला।

### 2012-13 और 2013-14 के दौरान प्रमुख उत्पाद क्रैक्स की तुलना

| उत्पाद क्रैक | विव 13-14 /बीबीएल) | विव 12-13 ( /बीबीएल) |
|---|---|---|
| **नैफ्ता** | -6.63 | -8.17 |
| **एमएस** | 9.92 | 12.12 |
| **एचएसडी** | 14.83 | 15.11 |
| **एटीएफ** | 14.22 | 16.18 |
| **ई.ते.** | -11.69 | -8.8 |

### भारत में क्रूड का आयात:

पिछले कुछ वर्षों से, क्रूड तेल का आयात, अधिक परिष्करण क्षमता के कारण बढ़ता रहा है और भारत, अपनी क्रूड की जरूरतों में से 80% का आयात करता है। क्रूड तेल के देशी उत्पादन और नए खोज कार्य में कोई सुधार नजर न आने के कारण ऐसी ऊर्धमुखी प्रवृत्ति जारी रहने की उम्मीद है।

भारत ने 2012-13 में 185 एमएमटी के मुकाबले वर्ष 2013-14 के दौरान 190 एमएमटी क्रूड का आयात किया। हालांकि वित्तीय वर्ष 2013-14 के दौरान क्रूड की कीमतें औसतन (ब्रेंट $ 107.5/बीबीएल), पिछले वित्तीय वर्ष 2012-13 में नजर आईं कीमतों से कम रहीं(ब्रेंट $ 110/बीबीएल)। क्रूड तेल की कीमतों में अस्थिरता और विनिमय में घट-बढ का क्रूड और उत्पाद के मूल्यांकन पर गहरा असर पडा है।

### 2011-12 के दौरान भारत में पेट्रोलियम उत्पादों की खपत और उनका उत्पादन स्परूप

('000 MT)

| उत्पाद | खपत | | उत्पादन | |
|---|---|---|---|---|
| | **2013-14** | **2012-13** | **2013-14** | **2012-13** |
| एलपीजी | 16336 | 15603 | 10115 | 9830 |
| एमएस | 17128 | 15741 | 30267 | 30120 |
| नैफ्ता | 11454 | 12283 | 18420 | 18851 |
| एटीएफ | 5505 | 5271 | 11237 | 10189 |
| एसकेओ | 7165 | 7501 | 7412 | 8057 |
| एचएसडी | 68369 | 69164 | 93749 | 91090 |
| एफ.ओ व | 6193 | 7656 | 13423 | 15840 |
| पेट्र कोक | 11651 | 10135 | 11261 | 7813 |
| कुल | 143801 | 143354 | 195884 | 191790 |

स्रोतः पेट्रोलियम योजना और विश्लेषण कक्ष, एमओपी एण्ड एनजी, भारत सरकार (पीपीएसी)

वित्तीय वर्ष 2013-14 में पेट्रोलियम उत्पादों की खपत में वित्तीय वर्ष 2012-13 की तुलना में 0.3% तक इजाफा हुआ और उत्पादन में वित्तीय वर्ष 2012-13 के मुकाबले वित्तीय वर्ष 2013-14 में 2.13% तक उन्नति हुई है।

### भारत और एमआरपीएल द्वारा पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात

('000 MT)

| उत्पाद | भारत * | एमआरपीएल |
|---|---|---|
| **एमएस** | 15447 | 186 |
| **नैफ्ता** | 8366 | 1362 |
| **एटीएफ** | 5777 | 1640 |
| **डीजल** | 26557 | 1024 |
| **ईंधन तेल** | 6159 | 2216 |
| **कुल** | **62306** | **6428** |

*स्रोत (पीपीएसी)

भारत द्वारा निर्यात किए गए कुल प्रट्रोलियम उत्पादों में आपकी कंपनी का योगदान 10.31% है।

खपत से अधिक उत्पादन होने के कारण, भारत ने पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात करना जारी रखा। भारत के रिफाइनर्स, उत्पाद की गुणवत्ता का अंतर्राष्ट्रीय मानक तक उन्नयन करने और कम मूल्य के उत्पादों का अधिक मूल्य के उत्पादों में तब्दील करने पर निवेश कर रहे हैं।

आपकी कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2012-13 के 14.40 एमएमटी के मुकाबले वित्तीय वर्ष 2013-14 के दौरान 14.55 एमएमटी का अब तक का सर्वाधिक रिफाइनरी थ्रूपुट हासिल किया।

### वर्ष 2013-14 के दौरान एमआरपीएल का उत्पादन

| उत्पाद | ('000 MT) |
|---|---|
| एलपीजी | 268 |
| एमएस | 1086 |
| मिश्रित ज़ाइलीन | 196 |
| नैफ्ता | 1349 |
| एसकेओ | 261 |
| एचएसडी | 5501 |
| एटीएफ | 1787 |
| वीजीओ | 406 |
| ई.ते. | 2281 |
| अस्फाल्ट | 169 |
| एलएसएचएस | 28 |
| सीआरएमबी | 11 |
| गंधक | 54 |
| **कुल** | **13397** |

## 3. अवसर और खतरे

आपकी कंपनी की चरण-III सह-उन्नयन परियोजना लगभग पूरी हो चुकी है। आपकी कंपनी, आईएनआर 3,000 करोड़ से आईएनआर 3,600 करोड़ तक के अनुमानित पूंजीगत व्यय (केपेक्स) के साथ एक निम्न लागत वाले विस्तार के जरिए अपनी क्रूड प्रोसेसिंग क्षमता मार्च 2018 तक 15 एमएमटीपीए से 18 एमएमटीपीए तक बढ़ाना चाहती है। आपकी कंपनी ने अप्रैल 2014 में शुरू हुई 3.0 एमएमटीपीए की डीलेड कोकर यूनिट (डीसीयू)सफलता से चालू की और 2.2 एमएमटीपीए की पेट्रोकेमिकल फ्लूइडाइज्ड कैटलिटिक क्रैकर यूनिट (पीएफसीसीयू)चालू करने के लिए लगभग तैयार है। आगे, फीड स्टॉक के रूप में पीएफसीसी यूनिट से पॉलिमर ग्रेड के प्रॉपीलीन के साथ अनुप्रवाह पॉलीप्रॉपीलीन यूनिट चालू करने पर आपकी कंपनी की प्रतिष्ठ बढ़ जाएगी। इन नई यूनिटों से अधिकतर मुनाफा मिलेगा जिसते आपकी कंपनी द्वारा प्रोसेस किए गए क्रूड का प्रति बैरल मुनाफा बढ़ने की उम्मीद है।

तेल रिफाइनरी का कारोबार यूएस डॉलर (यूएसडी)में ही किया जाता है। कच्चा तेल और उत्पाद, दोनों की कीमतें अंतर्राष्ट्रीय भाव पर टिकी रहती हैं, इसलिए रुपया डॉलर के विनिमय दर में घट-बढ़ को अपने आप खंडित किया जाता है और इससे सामान्य क्रम में विनिमय दर में अस्थिरता के प्रति स्वाभाविक तरीके से रक्षा मिलती है। लेकिन एकाएक और ज़रूरत से ज्यादा उतार-चढ़ाव होने से असर होता है। इसलिए, अंतर्राष्ट्रीय क्रूड कीमत में घट-बढ का बिक्री कीमत पर उस वक्त तक प्रभाव पड़ता है जब तक

उत्पादों की कीमतों में, कच्चा तेल की कीमतों में नजर आए घट-बढ के अनुरूप परिवर्तन हो।

आपकी कंपनी, आयात के साथ-साथ निर्यात भी करती है जिससे विनिमय में घट-बढ से स्वाभावित प्रतिरक्षा मिलती है। एक्सपोज़र को यथा शक्य यूएसडी के अनुरूप रखने के प्रयास किए जाते हैं। क्रूड और उत्पाद की कीमतों में अस्थिरता का परिष्करण के मुनाफे पर असर पडता है। आपकी कंपनी, कच्चे तेल की अपनी जरूरतों में से करीब 80% जरूरतों की पूर्ति आयात के जरिए करती है और इस समय कुल उत्पादन में से लगभग 47% का निर्यात कर रही है जिसमें बिक्री प्राप्तियों को यूएसडी में वसूल किया जाता है और यहां तक कि देशी बिक्री के मामले में भी जहां बिक्री कीमतें, अंतर्राष्ट्रीय बाजार में उत्पाद की कीमतों से उत्पन्न व्यापार/आयात समता कीमतों पर आधारित होती हैं, स्वाभाविक ढंग से काफी हद तक बचाव की व्यवस्था की जाती है। आपकी कंपनी, एचएसडी, एटीएफ और एमएक्स जैसे अपने प्रमुख उत्पादों की औसत मासिक कीमतों के आधार पर टेंडर के तहत निर्यात करती है जिससे आंतर महीने की कीमतों में घट-बढ का जोखिम कम होता है। लेकिन क्रूड और उत्पाद की कीमतों में अचानक घट-बढ होने पर उसका कंपनी के मुनाफे पर काफी असर होगा।

## 4. जोखिम और चिंताएं:

आपकी कंपनी एक ऐसे व्यावसायिक माहौल में काम कर रही है जिसमें बाजारों का वैश्वीकरण बढ़ रहा है, प्रतिस्पर्धा तीखी होती जा रही है और प्रौद्योगिकी अधिक जटिल होती दिखाई देने लगी है जिनमें अपने ही खतरे होते हैं और उस नाते कारोबार को प्रभावित करने वाली परेशानियां झेलनी पडती हैं।

### क्रूड आपूर्ति का जोखिम:

निर्बाध रूप से उत्पाद करने के लिए रिफाइनरियों को वक्त पर क्रूड तेल की आपूर्ति का जोखिम उठाना पडता है जिससे कि क्रूड की कमी से बचा जा सके क्योंकि वक्त पर आपूर्ति न होने पर थ्रूपुट में कमी आएगी। अगर आपूर्तिकर्ता देश की भौगोलिक एवं राजनीतिक स्थिति पर कोई दबाव हो, उपयुक्त जहाज न मिले और पेट्रोलियम नियातकर्ता देशों (ओपीईसी)के संगठन द्वारा क्रूड की आपूर्ति घटाई जाए तो क्रूड की आपूर्ति में जोखिम उठाने की नौबत आ सकती है।

आपकी कंपनी, अतिरिक्त देशों और क्रूड की श्रेणियों को जोडते हुए क्रूड हासिल करने के स्रोतों का विविधीकरण करने की दिशा में लगातार प्रयास करती रही है। आपकी कंपनी का प्रारंभ में, सिर्फ एनआईओसी (नैशनल इरानियन ऑइल कंपनी ऑफ इरान)के साथ मुद्दती ठेका था लेकिन इस समय हमने क्रूड की खरीदारी के सिलसिले में साउदी अरैमेको (नैशनल कंपनी ऑफ किंगडम ऑफ सउदी अरेबिया), एडीएनओसी (नैशनल ऑइल कंपनी ऑफ गवर्नमेंट ऑफ अबू धाबी) और कुवैत पेट्रोलियम कार्पोरेशन (केपीसी)जैसे विभिन्न आपूर्तिकर्ताओं के साथ मुद्दती ठेका किया है। आपकी कंपनी ने, बॉबे हाई, रेवा आदि जैसे अपने विभिन्न तेल क्षेत्रों से एकदम नजदीक से क्रूड की खरीदारी के लिए ओएनजीसी समूह के साथ आपूर्ति संबंधी करारनामे पर भी हस्ताक्षर किए हैं। अगर कोई कमी महसूस हो तो उसकी भरपाई करने के लिए आपकी कंपनी, अंतर्राष्ट्रीय बाजारों से हाजिर टेंडर के जरिए क्रूड खरीदने पर भी आमादा हो सकती है।

### कीमत का जोखिम

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में क्रूड तेल की कीमतों और परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पाद की कीमतों में घट-बढ के कारण ऐसा जोखिम उठाना पडता है। चूंकि तेल की, वैश्विक स्तर पर एक पण्य वस्तु से अधिक की हैसियत से अधिक मांग इसलिए संभव है कि कीमतों पर अधिक घट-बढ होने पर उसका आर्थिक स्थिति पर काफी गहरा असर पडता है। तेल की कीमतों को प्रभावित करने वाले दो प्रमुख कारक हैं, आपूर्ति और माँग एवं बाजार का रुझान। तेल के व्यापार में, तेल की माँग का इशारा, दुनिया के प्रमुख देशों की तेल की खपत के स्वरूप की तरफ होता है और माँग का मतलब, ओपीईसी (पेट्रोलियम देशों का संगठन)से क्रूड तेल के आउटपुट से है। बाजार का रुझान, भौगोलिक-राजनीतिक स्थिति पर निर्भर होता है जैसे कि हम इस समय खाड़ी, अफ्रीका और युकरेन में तनाव से भरा माहौल देख रहे हैं।

तेल का कारोबार, लाभप्रदता के लिए क्रूड तेल की कीमतों और परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पाद की कीमतों के बीच मुनाफे पर निर्भर होता है। आपकी कंपनी ने, हाजिर/प्रायोगिक क्रूड तेल का अनुपात इष्टतम स्तर पर बनाए रखते हुए क्रूड तेल की खरीदारी के लिए सोच-समझकर व्यावसायिक रणनीति अपनाई है जिससे कि प्रक्षेपित बाजार के परिदृश्य में क्रूड का लागत प्रभावी ढंग से क्रय किया जा सके।

कीमतों से जुड़े खतरे कम करने की खातिर, आपकी कंपनी, प्रतिस्पर्धात्मक कीमतों पर क्रूड तेल हासिल करने के लिए दीर्घावधि ठेके तय करती है और खुले अंतर्राष्ट्रीय बाजारों का सहारा लेती है। कीमत से जुड़े जोखिम की रूपरेखा में हुए परिवर्तन को पहचानने के लिए प्रबंधन, महीनों पहले आवर्ती योजना बनाता है और वक्त पर उचित कार्रवाई करता है। खर्च कम करने के लिए अन्य उपायों के तौर पर सस्ते सख्त क्रूड का और उत्पाद स्लेट में सुधार करने के लिए ब्लेंडिंग का उपयोग किया जाता है।

### विदेशी मुद्रा से जुडा जोखिम

कंपनी के सामान्य प्रचालन के अंग के तौर पर विदेशी मुद्रा में आयात/निर्यात करने के प्रति कंपनी के एक्पोजर के कारण विदेशी विनिमय में घट-बढ के प्रभाव के कारण इस तरह का जोखिम उठाना पड़ता है।

विदेशी मुद्रा में घट-बढ को दिशानिर्देशों और निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित " जोखिम प्रबंधन नीति " में परिभाषित परिसीमाओं के अनुसार संभाला जाता है। इस मामले पर गौर करने के लिए आपकी कंपनी ने जोखिम प्रबंधन समिति का गठन पहले ही कर दिया है। विदेशी मुद्रा जोखिम प्रबंधन समिति, विदेशी मुद्रा में घट-बढ की वक्त-वक्त पर समीक्षा करती है।

आपकी कंपनी, उत्पादों का निर्यात करने के लिए टेंडर भी बुलाती हैं जिससे भी निर्यात के मूल्य की वसूली होने तक विदेशी मुद्रा में जोखिम कम हो जाता है।

### रिफाइनरी के मुनाफे में निहित जोखिम

प्रचालन दक्षता और अपेक्षित मात्रा, गुणवत्ता और कीमत वाले क्रूड तेल तक पहुंच का कंपनी के निष्पादन पर उल्लेखनीय प्रभाव पडता है। हालांकि परिष्कृत उत्पाद की फीड स्टॉक कीमतों में सामान्यतः परिवर्तन होता है लेकिन इसमें एक अंतराल बना रहता है जिसका अल्पावधि कार्यकारी पूंजीगत अपेक्षाओं और लाभप्रदता पर असर पडता है।

ईंधन तेल और नैफ्ता का निर्यात करने के कारण कुल रिफाइरी मुनाफे (जीआरएम)पर दबाव बना रहता है। देशी माँग की पूर्ति करने के बाद बचे रहे ईंधन तेल और नैफ्ता का निर्यात किया जाता है। लेकिन डीलेड कोकर यूनिट (डीसीयू) चालू होने के कारण, ईंधन तेल का निर्यात कम किया जाएगा क्योंकि अधिक मूल्य वसूल करने लायक उत्पादों का उत्पादन करने की दृष्टि से इसका प्रोसेसिंग डीसीयू में किया जाएगा। ओएनजीसी मंगलूर पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (ओएमपीएल)चालू होने पर नैफ्ता का निर्यात भी कम किया जाएगा क्योंकि ओएमपीएल को नैफ्ता, निर्यात से मिलने वाले मूल्य से अधिक मूल्य पर बेचा जाएगा।

आपकी कंपनी को लगता है कि लगातार विलंब के कारण, मेसर्स बीएचईएल द्वारा बनाए जा रहे चरण-III यूनिट के कैप्टिव पावर प्लांट से भाप और बिजली जैसे उपयोगी साधनों की आपूर्ति के बारे में जोखिम उठाने की नौबत आ सकती है। आपकी कंपनी, रिफाइनरी की चरण-III की भाप से चालू की गईं कुछ यूनिटें, रिफाइनरी की चरण-I और चरण-II की सुविधाओं से भाप और विद्युत सुविधाएं मिलने के कारण चला पाई जिसका कंपनी के कुल परिचालन मुनाफे पर नकारात्मक प्रभाव पडा। आगे, आपकी कंपनी का मुनाफा दिलाने वाली पेट्रो फ्लूइडाइज्ड कैटेलिटिक क्रैकिंग यूनिट (पीएफसीसीयू)और डीलेड कोकर यूनिट (डीसीयू),चरण-III के बीएचईएल के कैप्टिव पावर प्लांट (सीपीपी)से सतत भाप और बिजली उपलब्ध होने पर ही चालू की जा सकेगी।

चरण- III के विद्युत संयंत्र को शीघ्रता से चालू करने की दृष्टि से आपकी कंपनी ने यह मामला, बीएचईएल के अध्यक्ष के साथ पहले से ही उठाया है क्योंकि इसमें विलंब के कारण कंपनी को बेइंतहा नुकसान हो रहा है।

प्रौद्योगिकीय तरक्की के जरिए उत्पाद की दक्षता बढ़ाना, गंभीरता को कम करने वाला एक और कारक है। कारोबार प्रक्रिया का इष्टतमीकरण करने के लिए आंतरिक बैठकें की जाती हैं जिनमें प्रवृत्ति का विश्लेषण कर मुनाफा बढाने की खातिर आने वाले महीनों में अपनाए जानेवाले तौर-तरीकों पर चर्चा की जाती है।

**समुद्री बीमा रक्षा में जोखिम**

इरान से क्रूड का आयात करने के लिए इस समय समुद्री बीमा की व्यवस्था नैशनल इरानियन ऑइल कंपनी (एनआईओसी)के जरिए की गई है। अगर अमेरिका और यूरोपियन यूनियन, पाबंदी को पूरी तरह से लागू करे और इरान से क्रूड पाना मुश्किल हो तो आपकी कंपनी को, क्रूड के साधनों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने पर विचार करना पड़ेगा।

**प्रतिष्ठा धूमिल होने का खतरा**

वाणिज्यिक और प्रतिष्ठा की दृष्टि से नुकसान पहुंचने पर जो स्वास्थ्य, सुरक्षा अथवा पर्यावरण संबंधी घटना अथवा स्थानीय समुदाय, आतंकवाद अथवा रिफाइनरी के भौगोलिक-राजनीतिक स्थान के कारण हो सकता है, इस तरह का जोखिम उठाना पड़ता है। अपने प्रचालन के स्वरूप को देखते हुए कंपनी को इस तरह का जोखिम उठाना पड़ता है।

कंपनी ने स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण संबंधी नीति (एचएसई) और अन्य एचएसई प्रबंधन तंत्र (एचएसईएमएस)लागू किए हैं। इस बारे में कर्मचारियों को सूचित किया जाता है और नियमित रूप से प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाती है। संयंत्रों/रिफाइनरियों में उत्सर्जन पर निगरानी रखने के लिए आवश्यक साधन लगाए गए हैं और सभी स्थानों पर चिकित्सकीय विशेषज्ञता और समर्थन उपलब्ध है। एचएसई संबंधी नीति/एचएसईएमएस का अनुपालन सुनिश्चित करने की दृष्टि से नियमित समीक्षा की जाती है और विनियामक अपेक्षाओं की पूर्ति की जाती है। कंपनी, स्थानीय समुदायों के साथ संबंध बनाए रखने की दृष्टि से उनको मुर्कर करती है और उनके साथ मिलजुलकर काम करती है और यह सुनिश्चित करती है कि उनकी परेशानियों पर गौर किया जाता है और वक्त पर कार्रवाई की जाती है।

**अन्य आकस्मिक प्राकृतिक जोखिम**

आपकी कंपनी को, जल की कमी, खराब मानसून के कारण जलाशयों की खराब स्थिति और अन्य प्राकृतिक विपदाओं जैसे नकारात्मक कारक भी सता रहे हैं जिसका रिफाइनरी के प्रचालन पर प्रभाव पड सकता है।

आपकी कंपनी ने जोखिम प्रबंधन प्रणाली लागू करने के लिए कार्यान्वयन संबंधी क्रियाविधि और निगरानी तंत्र के अलावा सुपरिभिषित नीति संबंधी ढांचा बनाया है। जोखिम प्रबंधक, नियमित रूप से जोखिमों को पहचानने के साथ-साथ नए जोखिमों को पहचानकर उनको मिटाने के उपायों की खोज कर रहे हैं और इस बारे में जोखिम समन्वयकर्ता को रिपोर्ट करते रहे हैं। लेखा परीक्षा समिति और बोर्ड के समक्ष प्रतिष्ठान में जोखिम प्रबंधन का विहंगावलोकी दस्तावेज, तिमाही आधार पर पेश किया जाता है।

## 5. कूटनीतिक कारोबार की तरफ पहल और भावी दृष्टिकोण:

आपकी कंपनी ने कर्नाटक सरकार के साथ, लीनियर अल्काइल बेंज़ीन संयंत्र (एलएबी) लगाने (अपमार्जक बनाने के लिए ज़रूरी कच्चा माल)और मंगलूर में तकनीकी-आर्थिक व्यवहार्यता और अपेक्षित संरचना की उपलब्धता के अधीन ₹8,500 करोड़ के अनुमानित निवेश पर अपनी परिष्करण क्षमता को 18/21 एमएमटीपीए तक बढ़ाने के लिए, सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए।

आप जानते हैं कि आपकी कंपनी ने बृहत पूंजी निवेश के साथ एक मेगा विस्तार और उन्नयन परियोजना लागू की है। इससे मिलने वाली सुविधाओं के सहारे, आपकी कंपनी को न केवल विभिन्न श्रेणी के क्रूड (अवसर क्रूड)को प्रोसेस करने बल्कि उनको सस्ते दाम पर पाने का मौका भी मिलेगा। नई यूनिटों के बलबूते पर रिफाइनरी में आसुत उत्पादन, करीब 80% तक बढेगा और पॉलीप्रॉपीलीन जैसे मूल्य वर्धित उत्पादों का उत्पादन भी होगा। इस तरह से उत्पादित प्रॉपीलीन का पॉलीप्रॉपीलीन यूनिट में पॉलीप्रॉपीलीन में परिवर्तन किया जाएगा। दक्षिण भारत में पॉलीप्रॉपीलीन का उत्पादन करने वाली अकेली कंपनी होने के नाते आपकी कंपनी, दक्षिण बाजार में अपने उत्पाद बेच सकेगी। एक और उत्पाद है, पेट्टकोक, जिसमें 8.63% की दर से बढ़ोतरी हो रही है, मांग के आधार पर संचालित बाजार में सीएजीआर, एक आसान तरीका ढूंढ पाएगा। समग्र एमएस और एचएसडी की गुणवत्ता, यूरो मानकों के अनुरूप बनाई जाएगी जिससे न केवल देश की माँग की पूर्ति होगी बल्कि अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में अच्छी कीमत भी मिलेगी।

## 6. आंतरिक नियंत्रण प्रणाली:

आपकी कंपनी ने सुस्थापित आंतरिक नियंत्रण तंत्र अपनाया है जिससे लेखा परीक्षा समिति और निदेशक मंडल को प्रभावशाली आंतरिक नियंत्रण माहौल का आश्वासन दिया जा सकेगा।

आपकी कंपनी, अपने आंतरिक नियंत्र तंत्र में लगातार सुधार कर उन्नयन करती रही है जिससे कि प्रबंधन की प्रभावशालिता और दक्षता, परिचालन और वित्तीय स्थिति पर भरोसेमंद रिपोर्टिंग सुनिश्चित की जा सके और उच्च स्तरीय कानूनी अनुपालन और जोखिम प्रबंधन हासिल किया जा सके। आपकी कंपनी ने, अपने आकार और प्रचालन के स्वरूप के अनुरूप पर्याप्त आंतरिक नियंत्रण तंत्र लागू किया है। ये तंत्र, भरोसेमंद वित्तीय और प्रचालन संबंधी जानकारी, रेकॉर्ड और प्रदान करने,लागू कानूनों का अनुपालन करने, आस्तियों को अनधिकृत उपयोग अथवा हानि से बचाने, उचित प्राधिकरण के साथ लेन-देन करने और कंपनी की नीतियों का अनुपालन सुनिश्चित करने के संबंध में उचित आश्वासन दिलाने के इरादे से बनाए गए हैं।

आंतरिक लेखा परीक्षा विभाग की देखरेख, लेखा परीक्षा समिति द्वारा की जाती है जो निदेशक मंडल को संगठन के जोखिम प्रबंधन, नियंत्रण और अभिशासन संबंधी प्रक्रियाओं की पर्याप्तता और प्रभावशालिता पर स्वतंत्र, वस्तुनिष्ठ और उचित आश्वासन दिलाने के उद्देश्य से आंतरिक नियंत्रण की प्रभावशलिता पर लगातार निगरानी रखती है। आंतरिक लेखा परीक्षा विभाग, व्यावसायिक प्रक्रियाओं, तंत्रों और नियंत्रणों में सुधार करने के अवसरों का आकलन करता है; संगठन का मूल्य बढाने के लिए जरूरी सिफारिशें करता है और लेखा परीक्षा समिति और वरिष्ठ प्रबंधन द्वारा समीक्षा करने के बाद निवारक कार्रवाई लागू करने और व्यावसायिक प्रक्रियाओं में सुधार करने के बारे में अनुवर्ती कार्रवाई करता है।

## 7. निष्पादन:

वित्तीय वर्ष 2013-14 के दौरान, भौतिक और वित्तीय मापदंड, दोनों के लिहाज से आपकी कंपनी का निष्पादन, नई ऊँचाइयों को छूते हुए गत निष्पादन के मानक पार कर गया और भविष्य के लिए नए कीर्तिमान स्थापित किए गए।

आपकी कंपनी ने पिछले वर्ष के 14.41 एमएमटी (1.25% तक बढत)के मुकाबले वर्ष के दौरान 14.59 एमएमटी का अब तक का सर्वाधिक क्रूड का प्रोसेसिंग किया और पिछले वर्ष के ₹68,834 करोड़ की तुलना में (9.29% तक इजाफा) ₹75,226 करोड़ का अब तक का सर्वाधिक कुल कारोबार हासिल किया और पिछले वर्ष के ₹33,340 करोड़ (6.15% तक वृद्धि)के मुकाबले कुल ₹35,392 करोड़ का निर्यात कारोबार हासिल किया।

## 8. मानव संसाधन :

वर्ष 2013-14 के दौरान आपकी कंपनी का अपने सहयोगियों के साथ संबंध हार्दिक एवं सौजन्यपूर्ण रहा और इसके सबूत के तौर पर, इस दौरान किसी औद्योगिक उपद्रव के कारण एक भी श्रम घंटा गंवाया नहीं गया। 31.03.2014 को कर्मचारियों की कुल संख्या, 127 महिला कर्मचारियों, अ.जा/अ.ज.जा. के 191 कर्मचारियों और शारीरिक दृष्टि से विकलांग कर्मचारियों सहित 1715 रही। 704 कर्मचारी, प्रबंधन संवर्ग के हैं जब कि 1011 कर्मचारी, गैर-प्रबंधन संवर्ग के अधीन आते हैं।

## 9. सचेतक बयान :

प्रबंधन की चर्चा में तथा विश्लेषण एवं निदेशकों की रिपोर्ट में कंपनी के लक्ष्यों, प्रक्षेपणों और आकलन का वर्णन करते हुए दिए गए बयान प्रगतिशील बयान हैं और लागू नियमों और विनियमों के अर्थ के अंदर प्रगतिशील हैं । वास्तविक परिणाम, अभिव्यक्त अथवा अंतर्निहित परिणामों से, आर्थिक दशा, सरकारी नीतियों और अन्य प्रासंगिक कारकों के आधार पर अलग हो सकते हैं । पाठकों को आगाह किया जाता है कि वे प्रगतिशील बयानों पर ज्यादा निर्भर न हों।

**अनुबंध-III**

## भारत के नियंत्रक और महा लेखा परीक्षक की, कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 619(4)के तहत, मंगलूर रिफाइनरी एण्ड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड, मंगलूर के 31 मार्च, 2014 को समाप्त वर्ष के लेखों पर टिप्पणियां

कंपनी अधिनियम, 1956 के तहत निर्धारित वित्तीय रिपोर्टिंग संबंधी ढांचे के अनुसार 31 मार्च, 2014 को समाप्त वर्ष के **मंगलूर रिफाइनरी एण्ड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड, मंगलूर** के वित्तीय विवरण तैयार करने की जिम्मेदारी कंपनी के प्रबंधन की है। भारत के नियंत्रक और महा लेखा परीक्षक द्वारा कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 619(2)के तहत नियुक्त सांविधिक लेखा परीक्षक, उनके पेशेवर निकाय, भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा निर्धारित लेखा परीक्षा और आश्वासन संबंधी मानकों के अनुसार स्वतंत्र लेखा परीक्षा के आधार पर कंपनी अधिनियम,1956 की धारा 227 के तहत इन वित्तीय विवरणों पर राय व्यक्त करने के लिए जिम्मेदार हैं । यह मान लिया गया है कि उन्होंने दिनांक 24.05.2013 की अपनी लेखा परीक्षा रिपोर्ट के जरिए ऐसा किया है।

मैं ने, भारत के नियंत्रक और महा लेखा परीक्षक की तरफ से, **मंगलूर रिफाइनरी एण्ड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड, मंगलूर** के 31 मार्च, 2014 को समाप्त वर्ष के वित्तीय विवरणों की कंपनी अधिनियम,1956 की धारा 619(3)(बी)के तहत अनुपूरक लेखा परीक्षा की है । सांविधिक लेखा परीक्षकों के कार्य करने के कागजात देखे बगैर अनुपूरक लेखा परीक्षा की गई है और यह, सांविधिक लेखा परीक्षकों एवं कंपनी के कर्मचारियों और कुछ लेखा मानकों के चयनात्मक परीक्षण तक सीमित है। मेरी लेखा परीक्षा के आधार पर मेरी जानकारी में ऐसी कोई उल्लेखनीय बात नहीं आई है जिस पर टिप्पणी करना पडे अथवा जो कंपनी अधिनियम,1956 की धारा 619(4)के तहत सांविधिक लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट का समर्थन करे।

मंडल के लिए और उनकी ओर से
**भारत के नियंत्रक और महा लेखा परीक्षक**

**(जी सुधर्मिणी)**
वाणिज्यिक लेखा परीक्षा के प्रधान निदेशक
पदेन सदस्य, लेखा परीक्षा बोर्ड,चेन्नै

स्थानः चेन्नै
दिनांकः 10.07.2014

## संधारणीय विकास में निष्पादन संबंधी रिपोर्ट

मंगलूर रिफाइनरी एण्ड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड, संधारणीय विकास करने के लिए संभावित हाइड्रोकार्बन मूल्य दिलानेवाले इष्टतमीकरण साधनों की तलाश में है। इस लिहाज से, पेट्रकोक, रिफाइनरी बहिर्गैस और आंतरिक ईंधन तेल जैसे कम मूल्य वाले हाइड्रोकार्बन से मूल्य हासिल करने पर खासा बल दिया जाएगा।

चरण-III विस्तार परियोजना के अंग के तौर पर डीलेड कोकर यूनिट सफलता से चालू करने के बाद, एमआरपीएल, अल्प अपशिष्ट स्ट्रीम से कम मूल्य के ठोस हाइड्रोकार्बन, पेट्र कोक का उत्पादन कर रहा है। एमआरपीएल, उपयोगिता बॉइलरों को प्रज्वलित करने की दृष्टि से इस पेट्रकोक का उपयोग करने के लिए संधारणीय विकल्पों की खोजबीन कर रहा है जिससे कि संबद्ध प्रदूषक - गंधक अणु हासिल करने के साथ विद्युत उत्पादन के लिए भाप का उत्पादन किया जा सके। इससे न केवल सस्ते दाम पर विद्युत उत्पादन होगा बल्कि रिफाइनरी कॉंप्लेक्स से SOx का उत्सर्जन भी कम होगा। साथ ही, इस परियोजना से आंतरिक ईंधन तेल भी मिलेगा जिसे इस समय बॉइलरों को प्रज्वलित करने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है ताकि डीलेड कोकिंग मार्ग से पॉलीप्रॉपीलीन, डीजल आदि जैसे विभिन्न हल्के अणुओं में उन्नयन किया जा सके। संभावित प्रौद्योगिक के आपूर्तिकर्ताओं के समर्थन से परियोजना का आंतरिक व्यवहार्यता अध्ययन किया जा रहा है।

एमआरपीएल, निम्न मूल्य के पीएफसीसी बहिर्गैस से मूल्यवान एथिलीन हासिल करने के विकल्प और अनुप्रवाह के पेट्रोकेमिकल कॉंप्लेक्स में आपूर्ति करने की तलाश भी कर रहा है। साथ ही, हासिल किए गए एथिलीन का पॉलीप्रॉपीलीन के हेट्रो-पॉलीमर्स का उत्पादन करने के लिए प्रॉपीलीन के साथ सह-मोनोमर के रूप में उपयोग किया जा सकता है क्योंकि हेट्रो-पॉलीमर्स का होमो-पॉलीमर के मुकाबले अधिक बाजार मूल्य है। अनुप्रवाह के पेट्रोकेमिकल कॉंप्लेक्सस और एथिलीन रिकवरी प्रौद्योगिकी के आपूर्तिकर्ताओं से जानकारी हासिल कर लाभप्रदता संबंधी आकलन में संभावित वृद्धि के साथ आंतरिक व्यवहार्यता अध्ययन किया जा रहा है।

चरण-3 रिफाइनरी कॉंप्लेक्स की कैप्टिव पावर प्लांट की सुविधाएं और कुछ प्रोसेस हीटरसेर, ईंधन के रूप में प्राकृतिक गैस जलाने के लिए बनाए गए हैं। विभिन्न गैस आपूर्तिकर्ता, मंगलूर में प्राकृतिक गैस लाने की बुनियादी सुविधाओं का निर्धारण कर रहे हैं। अर्थशास्त्र के दायरे में, प्राकृतिक गैस का उपयोग करने से न केवल SOx का उत्सर्जन कम होगा बल्कि कम मूल्य के आंतरिक ईंधन तेल का अधिक मूल्य वाले हाइड्रोकार्बन में परिवर्तन करने के मार्ग भी खुल जाएंगे। इसी तरह से, एमआरपीएल, चरण-1 और चरण-2 रिफाइनरी कॉंप्लेक्स में प्राकृतिक गैस/ अन्य रिफाइनरी धाराओं को ईंधन के रूप में इस्तेमाल करने पर विचार करते हुए गैस टर्बाइन लगाने की व्यवहार्यता की खोजबीन कर रहा है।

## स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट

**सेवा में**

**सदस्य**

**मंगलूर रिफाइनरी एण्ड पेट्रोकेमिकल्स लि.**

**वित्तीय विवरणों पर रिपोर्ट**

हमने मंगलूर रिफाइनरी एण्ड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (" दी कंपनी " ) के संलग्न किए गए वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा की है जिसमें 31 मार्च, 2014 तक के संलग्न तुलन पत्र तथा उस तारीख को समाप्त वर्ष के लाभ–हानि लेखा और नकदी प्रवाह विवरण एवं उल्लेखनीय लेखा नीतियों का सारांश तथा अन्य व्याख्यात्मक जानकारी सम्मिलित है।

**वित्तीय विवरणों के प्रति प्रबंधन की जिम्मेदारी**

प्रबंधन, कंपनी अधिनियम, 1956 (" दी एक्ट ")की धारा 211(3सी)में निर्दिष्ट लेखा मानकों सहित भारत में सामान्यतः स्वीकृत लेखा सिद्धांतों के अनुसार कंपनी की वित्तीय स्थिति, वित्तीय निष्पादन और नकदी प्रवाह का सही एवं निष्पक्ष चित्र दर्शाने वाले ये वित्तीय विवरण तैयार करने के लिए जिम्मेदार है। इस जिम्मेदारी में शामिल हैं, चाहे धोखाधड़ी के कारण हो या गलती के कारण, तथ्यों की गलत बयानी से मुक्त, सही एवं निष्पक्ष चित्र दर्शाने वाले वित्तीय विवरण तैयार एवं पेश करने से संबंधित आंतरिक नियंत्रण बनाना, कार्यान्वित करना और बनाए रखना।

**लेखा परीक्षकों की जिम्मेदारी**

हमारी जिम्मेदारी, लेखा परीक्षा के आधार पर इन वित्तीय विवरणों पर राय व्यक्त करने तक सीमित है। हम, भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी लेखा परीक्षा संबंधी मानकों के अनुसार अपनी लेखा परीक्षा करते हैं। इन मानकों में अपेक्षा की जाती है कि हम, नैतिक अपेक्षाएँ पूरी करें और योजना बनाकर लेखा परीक्षा करें जिससे कि वित्तीय विवरणों के बारे में यह उचित आश्वासन मिल सके कि उनमें महत्वपूर्ण पहलू के बारे में कोई गलत बयान नहीं दिया गया है।

लेखा परीक्षा में शामिल है, वित्तीय विवरणों में रकम और प्रकटन के बारे में सबूत पाने के इरादे से अपनाई जाती रहीं क्रियाविधियां। चुनी गईं क्रियाविधियाँ, चाहे धोखाधड़ी के कारण हो या गलती के कारण, वित्तीय विवरणों में तथ्यों की गलत बयानी के जोखिमों का निर्धारण करने सहित लेखा परीक्षक के फ़ैसले पर निर्भर होंगी। जोखिम संबंधी ऐसे निर्धारण करते समय, लेखा परीक्षक, कंपनी वित्तीय विवरण तैयार कर निष्पक्ष रूप से पेश करने में कंपनी से संबंधित आंतरित नियंत्रण पर विचार करते हैं जिससे कि लेखा परीक्षा संबंधी क्रियाविधियाँ, परिस्थितियों के अनुरूप हों। लेखा परीक्षा में यह भी शामिल हैं जैसे; प्रयुक्त लेखा सिद्धांतों और प्रबंधन द्वारा किए गए उल्लेखनीय आकलन का निर्धारण करना तथा समग्र वित्तीय विवरण के प्रस्तुतीकरण का मूल्यांकन करना।

हमें विश्वास है कि हमारी लेखा परीक्षा में, हमारी राय सिद्ध करने के लिए पर्याप्त और उचित आधार हैं।

**राय**

हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी एवं हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार, उक्त वित्तीय विवरणों में, अधिनियम में अपेक्षित तरीके से जानकारी दी गई है जो भारत में आम तौर पर अपनाए गए लेखा सिद्धांतों के अनुरूप सही एवं निष्पक्ष चित्र दर्शाती है।

क) तुलन पत्र के मामले में, 31 मार्च, 2014 को कंपनी के कामकाज की स्थिति;

ख) लाभ–हानि लेखा के मामले में, उस तारीख को समाप्त वर्ष का लाभ, और

ग) नकदी प्रवाह विवरण के मामले में, उस तारीख को समाप्त वर्ष का नकदी प्रवाह।

**अन्य कानूनी और विनियामक अपेक्षाओं पर रिपोर्ट**

1. अधिनियम की धारा 227 (4ए) के मुताबिक केंद्र सरकार द्वारा जारी कंपनी (लेखा परीक्षक की रिपोर्ट) आदेश, 2003 (' दी ऑर्डर ') की अपेक्षा के अनुसार हम अनुबंध में आदेश के परिच्छेद 4 और 5 में विनिर्दिष्ट मामलों पर एक विवरण देते हैं।
2. अधिनियम की धारा 227(3) की अपेक्षा के अनुसार, हम रिपोर्ट करते हैं कि
   - क) हमने ऐसी तमाम जानकारी और स्पष्टीकरण प्राप्त किए हैं जो हमारी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार हमारी लेखा परीक्षा के प्रयोजन के लिए ज़रूरी थे।
   - ख) हमारी राय में, जहां तक इन बहियों का परीक्षण करने से हमें नज़र आता है, कंपनी ने, कानून की अपेक्षा के मुताबिक उचित लेखा बहियाँ रखी हैं।
   - ग) इस रिपोर्ट में शामिल किए गए तुलन–पत्र, लाभ–हानि लेखा और नकदी प्रवाह विवरण, रखी गई लेखा बहियों के अनुरूप हैं।
   - घ) हमारी राय में, इस रिपोर्ट में शामिल किए गए, तुलन–पत्र, लाभ–हानि लेखा और नकदी प्रवाह विवरण, कंपनी अधिनियम, 1956 की उप–धारा (3सी) में निर्दिष्ट लेखा मानकों के अनुरूप हैं।
   - ङ) एक सरकारी कंपनी होने के नाते, कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 274 की उप–धारा (1) के खंड (जी) का प्रावधान, कंपनी कार्य विभाग द्वारा जारी अधिसूचना सं. जीएसआर 829(ई), दिनांक 21 अक्तूबर, 2003 के अनुसार लागू नहीं होता है।

**कृते गोपाल ऐय्यर एण्ड सुब्रमणियन्**
सनदी लेखाकार
फर्म की पंजीकरण सं. : 000960S

सीए. एस. कासी विश्वनाथन्
साझेदार
सदस्यता सं.026975

**कृते ए. राघवेंद्र राव एण्ड एसोसिएट्स**
सनदी लेखाकार
फर्म की पंजीकरण सं. : 003324S

सीए. ए. राघवेंद्र राव
साझेदार
सदस्यता सं. 007533

स्थानः नई दिल्ली:
दिनांकः 20 मई, 2014

---

## स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट का अनुबंध

**"अन्य कानूनी और विनियामक अपेक्षाओं " के शीर्षक के अधीन हमारी सम दिनांक रिपोर्ट के परिच्छेद 1 में निर्दिष्ट बातें**

(i) क) कंपनी ने अचल आस्तियों के परिमाणात्मक ब्यौरे और स्थान सहित संपूर्ण विवरण दर्शाते हुए उचित रेकॉर्ड रखे हैं।

ख) प्रबंधन ने, वर्ष के दौरान तमाम आस्तियों का प्रत्यक्ष सत्यापन नहीं किया है लेकिन नियमित रूप से सत्यापन करने का एक ऐसा कार्यक्रम रखा गया है जो हमारी राय में, कंपनी के आकार और उसकी आस्तियों के स्वरूप को देखते हुए उचित लगता है। कंपनी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्टों के अनुसार ऐसा सत्यापन करने पर कोई ख़ास विसंगतियां नज़र नहीं आई।

ग) हमारी राय में और हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी ने वर्ष के दौरान अचल आस्तियों का पर्याप्त हिस्सा नहीं निपटाया है और कंपनी की चालू समुत्थान की अवधारणा इससे प्रभावित नहीं हुई है।

(ii) क) हमें बताया गया है कि प्रबंधन ने, वर्ष के दौरान, भंडार और अतिरिक्त पुर्जों की सूची का शाश्वत स्टॉक निकालने के कार्यक्रम के अनुसार लगातार प्रत्यक्ष सत्यापन किया है। अन्य मदों के स्टॉक का वर्षांत में प्रत्यक्ष सत्यापन किया गया जिसकी बारंबारता, हमारी राय में, कंपनी के आकार और उसके कारोबार के स्वरूप को देखते हुए उचित लगती है।

ख) हमारी राय में और हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार, स्टॉक का प्रत्यक्ष सत्यापन करने की प्रबंधन द्वारा अपनाई गई क्रियाविधि कंपनी के आकार और उसके कारोबार स्वरूप को देखते हुए यथोचित लगती है ।

ग) कंपनी ने, स्टॉक का उचित रेकॉर्ड रखा है। प्रत्यक्ष स्टॉक और बही अभिलेखों के बीच प्रबंधन को सत्यापन के दौरान नज़र आई, महत्वपूर्ण न समझी गई विसंगतियों को कंपनी की लेखा बहियों में ठीक तरह से लेखाबद्ध किया गया है ।

(iii) क ) कंपनी ने, कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 301 के तहत रखे गए रजिस्टर में दर्ज की गई कंपनियों, फर्मों अथवा अन्य पक्षकारों को चाहे जमानती हो या गैर–जमानती, कोई भी ऋण नहीं दिया है ।

ख) कंपनी ने, कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 301 के तहत रखे गए रजिस्टर में दर्ज की गई कंपनियों, फर्मों अथवा अन्य पक्षकारों से चाहे जमानती हो या गैर– जमानती, कोई भी ऋण नहीं लिया है। और फलस्वरूप, (लेखा परीक्षक की रिपोर्ट) आदेश, 2003 के परिच्छेद 4 के खंड (iii) (च) और (iii) (छ) की रिपोर्ट करने संबंधी अपेक्षाएँ लागू नहीं होती हैं।

(iv) हमारी राय में और हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, आंतरिक नियंत्रण क्रियाविधियां पर्याप्त हैं और स्टॉक और अचल आस्तियां खरीदने और वस्तुओं को बेचने के लिहाज से कंपनी के आकार और उसके कारोबार स्वरूप के अनुरूप हैं। लेखा परीक्षा के दौरान हमने कंपनी की आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों में कोई बड़ी कमजोरियां दोहराई जाती हुई नहीं पाई।

(v) क) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 301 का अनुसरण करते हुए रखे जाने वाले रजिस्टर में ऐसी कोई ठेका संबंधी व्यवस्था नहीं है जिसे दर्ज करना पड़े।

ख) तदनुसार, कंपनी (लेखा परीक्षक की रिपोर्ट) आदेश, 2003 के परिच्छेद 4 के खंड (v) (ख)के अनुसार रिपोर्ट करने संबंधी अपेक्षा लागू नहीं होती है।

(vi) हमें दिए गए विवरणों और स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी ने वर्ष के दौरान सार्वजनिक से कोई जमाराशि स्वीकार नहीं की, इसलिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी निदेश और कंपनी अधिनियम,1956 की धारा 58ए, 58एए के प्रावधान अथवा कोई अन्य संबंधित प्रावधान और उसके अधीन बनाए गए नियम लागू नहीं होते हैं।

(vii) हमारी राय में, कंपनी ने ऐसी आंतरिक लेखा परीक्षा प्रणाली अपनाई है जो उसके अकार और उसके कारोबार स्वरूप के अनुरूप है।

(viii) कंपनी अधिनियम (कंपनी लेखाकरण रेकॉर्ड) नियम का अनुसरण करते हुए हमने कंपनी द्वारा रखे गए लागत संबंधी रेकॉर्डों की स्थूल रूप से समीक्षा की है, कंपनी के उत्पादों के संबंध में लागत संबंधी रेकॉर्ड रखने के बारे में कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 209(1) (डी) के तहत केंद्र सरकार के आदेश का अनुसरण करते हुए हमने कंपनी द्वारा रखे गए लागत संबंधी रेकॉर्डों की स्थूल रूप से समीक्षा की है और हमारी राय में, प्रथम दृष्टि में, निर्धारित खाते और रेकॉर्ड बनाकर रखे गए हैं ।

(ix) क) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार एवं कंपनी के रेकॉर्डों के मुताबिक, कंपनी, वर्ष के दौरान उचित प्राधिकरणों के पास, भविष्य निधि, निवेशकर्ता शिक्षा और संरक्षण निधि, आय कर, बिक्री कर, धन कर, सेवा कर, उत्पाद शुल्क, सीमा शुल्क, और अन्य सांविधिक देयताओं सहित विवाद रहित सांविधिक देयताएं आम तौर पर नियमित रूप से जमा कराती रही है। महत्वपूर्ण किस्म की विवाद रहित कोई भी सांविधिक देयता, देय होने की तारीख से 6 महीने से अधिक बाकी नहीं रही। लेकिन कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम के प्रावधान, कंपनी के लिए लागू नहीं होते हैं।

ख) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण एवं कंपनी के रेकॉर्डों के हमारे सत्यापन के अनुसार, नीचे उल्लिखित विवादित कर राशि के लिए कंपनी के खातों में 31 मार्च 2014 तक उचित प्राधिकरणों के पास जमा नहीं कराया गया है ।

| अधिनियम का नाम | देय राशि का स्वरूप | कुल रकम (रु.दशलक्ष) | रकम, किस अवधि से संबंधित है (वित्तीय वर्ष) | किस मंच पर विवाद लंबित है |
|---|---|---|---|---|
| दी कर्नाटक सेल्स टैक्स एक्ट, 1957/ सेंट्रल सेल्स टैक्स एक्ट, 1956 | केंद्रीय बिक्री कर – दंड | 4.53 | 2009–10 | कर्नाटक अपील प्राधिकरण |
| | केंद्रीय बिक्री कर – दंड | 18.33 | 2009–10 | कर्नाटक अपील प्राधिकरण |
| | मूल्य वर्धित कर – ब्याज | 0.43 | 2006–07 | अपील प्राधिकरण – जेसीसीटी मंगलूर |
| | मूल्य वर्धित कर – ब्याज | 0.13 | 2009–10 | कर्नाटक अपील प्राधिकरण |
| | मूल्य वर्धित कर – ब्याज | 0.66 | 2010–11 | कर्नाटक अपील प्राधिकरण |
| | मूल्य वर्धित कर – दंड | 3.48 | 2011–12 | अपील प्राधिकरण – जेसीसीटी |
| | मूल्य वर्धित कर – ब्याज | 4.80 | 2011–12 | अपील प्राधिकरण – जेसीसीटी |
| आय कर अधिनियम,1961 | आय कर / ब्याज / दंड | 122.48 | लेव 2006–07 | आय कर अपील अधिकरण – मुंबई |
| | आय कर / ब्याज / दंड | 56.75 | लेव 2010–11 | आय कर आयुक्त (अपील) – मुंबई |
| सीमा–शुल्क अधिनियम, 1962 | सीमा शुल्क /ब्याज/दंड | 105.42 | 1996–2006 | भारत का सर्वोच्च न्यायालय |
| | | 603.02 | 1997–2008 | सीईएसटीएटी – बेंगलूर |
| | | 3.24 | 1995–2007 | आयुक्त (अपील) – मंगलूर |
| केंद्रीय उत्पाद–शुल्क, अधिनियम 1944 | केंद्रीय उत्पाद–शुल्क / सेवा कर / ब्याज /दंड | 56.33 | 2000–01 से 2013–14 | आयुक्त (अपील) – मंगलूर |
| | | 142.19 | 1996–97 से 2012–13 | सीईएसटीएटी – बेंगलूर |
| | | 0.52 | 2002–03 से 2012–13 | संयुक्त सचिव, एमओएफ |
| | | 26.72 | 1999–2000 से 2012–13 | आयुक्त – मंगलूर |
| **कुल** | | **1149.03** | | |

(x) 31 मार्च 2014 को कंपनी की कोई संचित हानि नहीं रही। कंपनी ने वर्ष के दौरान और ठीक पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान कोई नकद हानि नहीं उठाई है।

(xi) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण एवं कंपनी के रेकॉर्डों के हमारी ओर से किए गए सत्यापन के अनुसार, कंपनी ने वित्तीय संस्थाओं और बैंकों को देय रकम चुकाने में कोई चूक नहीं की है।

(xii) कंपनी ने, शेयरों, डिबेंचरों और अन्य प्रतिभूतियों को गिरवी रखकर कोई ऋण या अग्रिम नहीं दिया है।

(xiii) चूंकि कंपनी, चिट फंड / निधि / म्यूचुअल फंड / सोसाइटी नहीं है, इसलिए रिपोर्ट करने संबंधी अपेक्षाएं लागू नहीं होती हैं।

(xiv) कंपनी ने वर्ष के दौरान म्यूचुअल फंड निवेश में व्यवहार किया। लेन-देनों और ठेकों के बारे में उचित रेकॉर्ड रखे गए हैं और वक्त पर प्रविष्टियां पारित की गई हैं। कंपनी ने उक्त निवेश अपने नाम से किए हैं ।

(xv) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार न्यू मंगलूर पोर्ट ट्रस्ट द्वारा बैंकों और वित्तीय संस्थाओं से लिए गए ऋणों के लिए कंपनी द्वारा दी गई गारंटी, कंपनी के हित के प्रतिकूल नहीं है। इस गारंटी को छोड़कर, कंपनी ने दूसरों द्वारा बैंकों अथवा वित्तीय संस्थाओं से लिए गए ऋणों के लिए कोई गारंटी नहीं दी है।

(xvi) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी ने वर्ष के दौरान नए सावधि ऋण लिए हैं और जिस मकसद के लिए ऋणों का आवेदन किया गया था उसी प्रयोजन के लिए इनका उपयोग किया गया सिवाए ₹15,861.05 दशलक्ष, जिनको वर्ष के अंत में लेकर बैंक की जमाराशियों में रखा गया।

(xvii) हमें दी गई जानकारी एवं स्पष्टीकरण के अनुसार और कंपनी के वित्तीय विवरणों का समग्र परीक्षण करने के बाद हम यह रिपोर्ट करते हैं कि अल्पावधि आधार पर ली गई निधि का दीर्घावधि निवेश के लिए इस्तेमाल नहीं किया गया है।

(xviii) वर्ष के दौरान, कंपनी ने शेयरों का अधिमान्य आबंटन नहीं किया।

(xix) वर्ष के अंत में कंपनी के कोई बकाया डिबेंचर नहीं रहे।

(xx) कंपनी ने वर्ष के दौरान सार्वजनिक निर्गम से कोई धनराशि नहीं जुटाई।

(xxi) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, वर्ष के दौरान कंपनी में या कंपनी द्वारा धोखाधड़ी होने की कोई घटना नजर नहीं आई न ही रिपोर्ट की गई।

**कृते गोपाल ऐय्यर एण्ड सुब्रमणियन्**
**सनदी लेखाकार**
**फर्म की पंजीकरण सं. :** 000960S
**सीए. एस. कासी विश्वनाथन्**
**साझेदार**
**सदस्यता सं.**026975

**कृते ए. राघवेंद्र राव एण्ड एसोसिएट्स**
**सनदी लेखाकार**
**फर्म की पंजीकरण सं. :** 003324S
**सीए. ए. राघवेंद्र राव**
**साझेदार**
**सदस्यता सं.** 007533

**स्थान: नई दिल्ली:**
**दिनांक: 20 मई, 2014**

# 31 मार्च, 2014 तक का तुलन पत्र

(₹ दशलक्ष में)

| | | टिप्पणी सं. | यथा 31 मार्च 2014 | यथा 31 मार्च 2013 |
|---|---|---|---|---|
| I. | **इक्विटी और देयताएं** | | | |
| 1 | **शेयरधारकों की निधि** | | | |
| | (क) शेयर पूंजी | 2 | 17,526.64 | 17,526.64 |
| | (ख) आरक्षित निधि और अधिशेष | 3 | 53,162.08 | 47,150.26 |
| 2 | **गैर–चालू देयताएं** | | | |
| | (क) दीर्घावधि उधार | 4 | 88,535.67 | 57,807.91 |
| | (ख) आस्थगित कर देयताएँ (निवल) | 5 | 4,702.69 | 7,343.28 |
| | (ग) अन्य दीर्घावधि सावधि देयताएँ | 6 | 19.03 | 0.31 |
| | (घ) दीर्घावधि प्रावधान | 7 | 466.95 | 451.43 |
| 3 | **चालू देयताएँ** | | | |
| | (क) अल्पावधि उधार | 8 | – | 11,990.03 |
| | (ख) व्यापार देयताएं | 9 | **210,311.71** | 109,607.64 |
| | (ग) अन्य चालू देयताएँ | 10 | **19,237.63** | 14,130.92 |
| | (घ) अल्पावधि प्रावधान | 11 | **1,214.35** | 1,003.76 |
| | | कुल | **395,176.75** | **267,012.18** |
| II. | **आस्तियां** | | | |
| | **गैर चालू आस्तियां** | | | |
| 1 | (क) अचल आस्तियां | 12 | | |
| | (i) गोचर आस्तियां | | 59,896.13 | 57,768.52 |
| | (ii) अगोचर आस्तियाँ | | 18.08 | 37.80 |
| | (iii) प्रगति पर पूंजीगत कार्य | | 85,515.47 | 75,544.81 |
| | (ख) गैर–चालू निवेश | 13 | 150.02 | 150.02 |
| | (ग) दीर्घावधि ऋण व अग्रिम | 14 | 2,736.57 | 4,831.52 |
| | (घ) अन्य गैर चालू आस्तियां | 15 | 2,694.84 | 974.35 |
| 2 | **चालू आस्तियां** | | | |
| | (क) स्टॉक | 16 | 84,489.61 | 67,152.61 |
| | (ख) प्राप्य व्यापारी राशियाँ | 17 | 44,811.45 | 39,726.97 |
| | (ग) नकदी और बैंक शेष | 18 | 106,723.29 | 16,058.55 |
| | (घ) अल्पावधि ऋण व अग्रिम | 19 | 7,231.36 | 4,616.57 |
| | (ङ) अन्य चालू निवेश | 20 | 909.93 | 150.46 |
| | | कुल | 395,176.75 | 267,012.18 |
| उल्लेखनीय लेखा नीतियां | | 1 | | |
| अन्य प्रकटन | | 31 | | |

अन्य वित्तीय विवरणों के साथ संलग्न टिप्पणियां देखें

**संलग्न हमारी सम दिनांक रिपोर्ट के अनुसार**
**कृते गोपाल ऐय्यर एण्ड सुब्रमणियन**
**सनदी लेखाकार**
फर्म की पंजीकरण सं. : 000960S

**सीए एस. कासी विस्वनाथन्**
साझेदार
सदस्यता सं. 026975

**कृते राघवेंद्र राव एण्ड एसोएट्स**
**सनदी लेखाकार**
फर्म की पंजीकरण सं. : 003324S

**सीए ए. राघवेंद्र राव**
साझेदार
सदस्यता सं. 007533

**दिनेश मिश्रा**
कंपनी सचिव

नई दिल्ली : 20 मई, 2014

**मंडल के लिए और उनकी ओर से**
**डी के सर्राफ़**
**अध्यक्ष**

**पी.पी. उपाध्या**
प्रबंध निदेशक

**विष्णु अग्रवाल**
निदेशक (वित्त)

## 31 मार्च, 2014 को समाप्त वर्ष का लाभ–हानि लेखा विवरण

(₹ दशलक्ष में)

| | | देखें टिप्पणी सं | समाप्त वर्ष 31.03.2014 | समाप्त वर्ष 31.03.2013 |
|---|---|---|---|---|
| I. | परिचालन से राजस्व | 21 | 752,304.11 | 688,377.15 |
| | घटाएँ: उत्पाद शुल्क | | 34,156.19 | 31,420.45 |
| | परिचालन से निवल राजस्व | | 718,147.92 | 656,956.70 |
| II. | अन्य आय | 22 | 3,201.71 | 1,118.82 |
| III. | **कुल राजस्व** (I + II) | | **721,349.63** | **658,075.52** |
| IV. | व्यय: | | | |
| | खपाई गई सामग्री की लागत | 23 | 708,525.17 | 654,001.82 |
| | स्टॉक में वृद्धि (–)/ (अवनति) | 24 | –6,740.75 | –11,161.53 |
| | कर्मचारी लाभ संबंधी व्यय | 25 | 2,154.74 | 1,845.60 |
| | वित्त लागत | 26 | 3,214.41 | 3,285.53 |
| | मूल्यह्रास और परिशोधन व्यय | 27 | 7,064.17 | 6,044.10 |
| | अन्य व्यय | 28 | 4,153.78 | 9,273.00 |
| | **कुल व्यय** | | **718,371.52** | **663,288.52** |
| V. | **अपवादात्मक और असाधारण मदों से और कर पूर्व लाभ (III-IV)** | | 2,978.11 | –5,213.00 |
| VI. | अपवादात्मक मद | 29 | –1,118.85 | –444.54 |
| VII. | **असाधारण मद और कर पूर्व लाभ(V - VI)** | | **4,096.96** | **–4,768.46** |
| VIII. | असाधारण मद | | – | – |
| IX. | **कर पूर्व लाभ/(हानि) (VII- VIII)** | | **4,096.96** | **–4,768.46** |
| X | कर संबंधी व्यय: | | | |
| | (1) वर्तमान / मैट कर (देखें टिप्पणी 31.27) | | 755.73 | – |
| | (2) पिछले वर्ष का कर समायोजन | | – | –11.23 |
| | (3) आस्थगित कर (देखें टिप्पणी 31.09) | | –2,640.59 | 2,811.88 |
| XI | **वर्ष का लाभ/(हानि)(IX - X)** | | **6,011.82** | **–7,569.11** |
| XII | प्रति इक्विटी शेअर अर्जन: | 30 | | |
| | (1) मूल | | 3.43 | –4.32 |
| | (2) आंशिक | | 3.43 | – |
| उल्लेखनीय लेखा नीतियां | | 1 | | |
| अन्य प्रकटन | | 31 | | |

अन्य वित्तीय विवरणों के साथ संलग्न टिप्पणियां देखें

**संलग्न हमारी सम दिनांक रिपोर्ट के अनुसार**

**कृते गोपाल ऐय्यर एण्ड सुब्रमणियन**
सनदी लेखाकार
फर्म की पंजीकरण सं. : 000960S

**सीए एस. कासी विस्वनाथन्**
साझेदार
सदस्यता सं. 026975

**कृते राघवेंद्र राव एण्ड एसोएट्स**
सनदी लेखाकार
फर्म की पंजीकरण सं. : 003324S

**सीए ए. राघवेंद्र राव**
साझेदार
सदस्यता सं. 007533

**दिनेश मिश्रा**
कंपनी सचिव

**मंडल के लिए और उनकी ओर से**
**डी के सर्राफ़**
**अध्यक्ष**

**पी.पी. उपाध्या**
प्रबंध निदेशक

**विष्णु अग्रवाल**
निदेशक (वित्त)

नई दिल्ली : 20 मई, 2014

## 31 मार्च, 2014 को समाप्त वर्ष का नकदी प्रवाह विवरण

(₹ दशलक्ष में)

| | | | समाप्त वर्ष 31.03.2014 | समाप्त वर्ष 31.03.2013 |
|---|---|---|---|---|
| क | **परिचालन गतिविधियों से नकदी प्रवाह :** | | | |
| | कर पूर्व लाभ | | 4,096.96 | -4,768.46 |
| | इनके लिए समायोजन : | | | |
| | - मूल्यह्रास / परिशोधन | | 7,060.15 | 6,044.10 |
| | - अचल आस्तियों की बिक्री से हानि / (लाभ) | | 15.29 | 27.84 |
| | - प्रतिलेखित प्रावधान/देयता | | -51.60 | -156.43 |
| | - संदिग्ध कर्ज/अग्रिमों/जमाराशियों और बट्टे खाते डालने के लिए प्रावधान | | 164.54 | 92.42 |
| | - विदेशी मुद्रा रूपांतरण संबंधी लेन-देन – निवल | | -4,519.62 | 373.69 |
| | - ब्याज खर्च | | 3,214.41 | 3,285.53 |
| | - ब्याज / लाभांश आय | | -3,085.79 | -905.57 |
| | कार्यकारी पूंजी में परिवर्तन होने से पहले परिचालन लाभ | | 6,894.34 | 3,993.12 |
| | इनके लिए समायोजन : | | | |
| | - व्यापार और अन्य प्राप्य रकम | | -8,205.91 | -4,376.37 |
| | - स्टॉक | | -17,337.00 | 11,023.15 |
| | - देय व्यापार और उसके लिए प्रावधान | | 109,559.57 | -673.98 |
| | परिचालन से उत्पन्न नकद | | 90,911.00 | 9,965.92 |
| | - प्रदत्त प्रत्यक्ष कर (निवल धनवापसी) | | -1,381.00 | -1,093.43 |
| | पूर्व अवधि वाली मदों से पहले नकदी प्रवाह | | 89,530.00 | 8,872.49 |
| | - पूर्व अवधि वाली मद (नकद मद) | | 104.54 | -53.87 |
| | **परिचालन गतिविधियों से निवल नकदी प्रवाह** | **(क)** | **89,634.54** | **8,818.62** |
| ख | **निवेश गतिविधियों से नकदी प्रवाह** | | | |
| | अचल आस्तियों की खरीदारी | | -15,018.05 | -23,350.87 |
| | अचल आस्तियों की बिक्री | | 21.48 | 32.11 |
| | प्राप्त ब्याज / लाभांश आय | | 2,318.67 | 1,047.24 |
| | ब्याज आय पर प्रदत्त कर | | -308.37 | -92.45 |
| | निवेश (निवल) | | – | 273.28 |
| | **निवेश गतिविधियों से निवल नकदी प्रवाह** | **(ख)** | **-12,986.27** | **-22,090.69** |
| ग | **वित्तीय गतिविधियों से नकदी प्रवाह** | | | |
| | शेयर पूंजी के निर्गम से प्राप्तियां | | – | -45.93 |
| | दीर्घावधि उधार से प्राप्तियां | | 29,017.41 | 18,919.54 |
| | अल्पावधि उधार से प्राप्तियां | | -11,990.03 | -6,616.20 |
| | प्रदत्त ब्याज और वित्त प्रभार | | -2,996.63 | -3,238.59 |
| | प्रदत्त लाभांश और लाभांश कर | | – | -2,036.92 |
| | **वित्तीय गतिविधियों से निवल नकदी प्रवाह :** | **(ग)** | **14,030.75** | **6,981.90** |
| | **नकद और नकदी समतुल्य में निवल वृद्धि / (गिरावट)** | **(क+ख+ग)** | **90,679.02** | **-6,290.17** |
| | **वर्ष के प्रारंभ में नकद और नकदी समतुल्य** | | **15,879.92** | **22,170.09** |
| | **वर्ष के अंत में नकद और नकदी समतुल्य** | | **106,558.94** | **15,879.92** |
| | | | **90,679.02** | **-6,290.17** |
| 1 | नकद और नकदी समतुल्य | | | |
| | अग्रदाय सहित नकदी शेषराशि | | 1.53 | 0.73 |
| | अनुसूचित बैंकों ** के पास बैंक शेषराशि | | **106,557.41** | **15,879.19** |
| | | | **106,558.94** | **15,879.92** |

** बैंकों/सरकारी प्राधिकरण के पास धारणाधिकार, गिरवी के अधीन ब्याज वारंट / धनवापसी खातों के चालू खाते / जमा खाते में उपलब्ध ₹164.35 दशलक्ष को छोड़कर (पिछले वर्ष ₹178.63 दशलक्ष)

2 पिछले वर्ष के आंकड़ों को, चालू वर्ष के प्रस्तुतीकरण के अनुरूप जहां कहीं ज़रूरी हो पुनर्वर्गीकृत/पुनव्यवस्थित किया गया है ।

**संलग्न हमारी सम दिनांक रिपोर्ट के अनुसार**

**कृते गोपाल ऐय्यर एण्ड सुब्रमणियन**
सनदी लेखाकार
फर्म की पंजीकरण सं. : 000960S

**सीए एस. कासी विस्वनाथन्**
साझेदार
सदस्यता सं. 026975

**कृते राघवेंद्र राव एण्ड एसोएट्स**
सनदी लेखाकार
फर्म की पंजीकरण सं. : 003324S

**सीए ए. राघवेंद्र राव**
साझेदार
सदस्यता सं. 007533

**दिनेश मिश्रा**
कंपनी सचिव

नई दिल्ली : 20 मई, 2014

**मंडल के लिए और उनकी ओर से**
**डी के सरीफ़**
**अध्यक्ष**

**पी.पी. उपाध्या**
प्रबंध निदेशक

**विष्णु अग्रवाल**
निदेशक (वित्त)

# टिप्पणियाँ

## टिप्पणी 1

### महत्वपूर्ण लेखा नीतियां

1. **लेखा परिपाटी और प्रस्तुतीकरण/लेखाकरण का आधार**
   1.1. वित्तीय विवरण, ऐतिहासिक लागत परिपाटी के तहत, आम तौर पर स्वीकृत लेखा सिद्धांतों (जीएएपी), कंपनी अधिनियम 1956 के प्रावधानों और कंपनी (लेखा मानक)नियम, 2006 के तहत जारी किए गए लेखा मानकों के अनुसार तैयार किए जाते हैं।
   1.2. ऐसे तमाम आय और उचित निश्चितता के साथ प्राप्य/देय समझी जाने वाली समस्त आय और खर्च को उपचय आधार पर लेखाबद्ध किया जाता है।
2. **आकलन का उपयोग**
   वित्तीय विवरण तैयार करते समय, ऐसे आकलन और ऐसी परिकल्पनाएं करनी पड़ेंगी जो वित्तीय विवरणों की तारीख को रिपोर्ट की गई आस्तियों और देयताओं की रकम को और रिपोर्ट अवधि के दौरान राजस्व और खर्च संबंधी दर्शाई गई रकम को प्रभावित करें। वास्तविक परिणामों और आकलन के बीच का अंतर, उस अवधि में जाना जा सकेगा जिसमें परिणाम ज्ञात हों/प्रकट हों।
3. **नकदी प्रवाह विवरण**
   नकदी प्रवाह विवरण, कंपनी (लेखा मानक) नियम, 2006 के तहत जारी तथा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा यथापेक्षित लेखा मानक – 3 में निर्धारित परोक्ष पद्धति के अनुसार तैयार किया गया है।
4. **अचल आस्तियां**
   4.1. भूमि को, जहां कहीं लागू हो, परिशोधन को घटाने के बाद ऐतिहासिक लागत पर दर्शाया जाता है।
   4.2. अन्य अचल आस्तियों को, संचित मूल्यह्रास / परिशोधन और हानि को घटाने के बाद ऐतिहासिक लागत पर दर्शाया जाता है।
   4.3. संयंत्र अथवा उपकरणों के साथ प्राप्त और निर्दिष्ट मशीनों की ख़ातिर बाद में खरीदे गए और अनियमित उपयोग वाले अतिरिक्त पुरजों का पूंजीकरण किया जाता है।
   4.4. निर्माण की अवधि के दौरान, प्रत्यक्ष रूप से पहचानने लायक खर्च को पहली बार पूंजीकृत किया जाता है और सभी अन्य आबंटनीय खर्च को आस्तियों के मूल्य के आधार पर यथानुपात पूंजीकृत किया जाता है।
   4.5. इस प्रयोजन के लिए लागत में शामिल हैं, क्रय कीमतें, शुल्क(केंद्रीय निवल कर जमा), कर, प्रासंगिक खर्च, स्थापना/चालू करने संबंधी खर्च, तकनीकी जानकारी शुल्क, पेशेवर शुल्क और जिस तारीख तक आस्ति का उपयोग किया गया हो उस तारीख तक ब्याज आदि और अवक्षय आस्तियों आदि की खरीदारी से संबंधित दीर्घावधि विदेशी मुद्रा संबंधी मदों से उत्पन्न विदेशी मुद्रा दर में अंतर।
5. **हानि**
   जहां कहीं रखाव–लागत, उच्चतर निवल वसूलने योग्य रकम होने के नाते वसूलने योग्य रकम और उपयोग में लाए गए मूल्य से अधिक हो, नकद उत्पन्न करने वाली इकाइयों/आस्तियों को हुई हानि का पता लगाकर उस पर विचार किया जाता है ।
6. **मूल्यह्रास/परिशोधन**
   6.1. अचल आस्तियों पर मूल्यहास(पट्टे पर ली गई आस्तियों सहित) सीधी रेखा पद्धति के आधार पर, कंपनी अधिनियम, 1956 की अनुसूची XIV में निर्दिष्ट दरों पर और तरीके से किया जाता है।
   6.2. पट्टेवाली भूमि की लागत का परिशोधन पट्टा अवधि में किया जाता है। ऐसी पट्टेवाली भूमि की लागत का, जहां पट्टा अवधि समाप्त होने पर कंपनी के स्वामित्व का अंतरण आखिरकार निश्चित हो, परिशोधन नहीं किया जाता है।
   6.3. विदेशी मुद्रा में उतार–चढ़ाव के निमित्त पूंजीकृत रकम पर मूल्यह्रास के लिए आस्तियों की शेष अवधि पर भविष्यलक्षी प्रभाव से प्रावधान किया जाता है।
   6.4. नियमित रूप से इस्तेमाल न किए जाने वाले और निर्दिष्ट मशीनें स्थापित किए जाने के बाद खरीदे गए अतिरिक्त पुरज़ों पर मूल्यह्रास के लिए प्रावधान, निर्दिष्ट मशीनों की शेष अवधि पर भविष्यलक्षी प्रभाव से किया जाता है और अतिरिक्त पुरज़े का अवलेखित मूल्य, जब कभी बदला जाए, लाभ–हानि लेखा में प्रभारित किया जाता है।
7. **अमूर्त आस्तियाँ**
   भावी आर्थिक लाभ में परिलक्षित होने वाली अमूर्त आस्तियों पर उठाई गई लागत का अमूर्त आस्तियों के रूप में पूंजीकरण किया जाता है और इन आस्तियों का, अनुमानित उपयोगी अवधि में, समीकरण आधार पर परिशोधन किया जाता है।
8. **निवेश**
   8.1. दीर्घावधि निवेश का लागत पर मूल्यांकन किया जाता है। खातों में अस्थाई अवनति को छोड़कर किसी दूसरी तरह की अवनति के लिए प्रावधान किया जाता है।
   8.2. चालू निवेश का मूल्यांकन, निम्नतर लागत पर और उचित मूल्य पर किया जाता है।
9. **स्टॉक**
   स्टॉक का मूल्यांकन निम्नतर लागत पर और निवल वसूलने योग्य मूल्य पर किया जाता है। स्टाक की लागत में, स्टॉक को उसके वर्तमान स्थान पर और मौजूदा हालत में लाने के लिए उठाई गई क्रय लागत और अन्य लागत, स्टॉक की लागत में शामिल हैं। लागत का निर्धारण इस तरह किया गया है:
   9.1. कच्चा माल–प्रथम आवक प्रथम जावक मूल्यन विधि (फिफो)के आधार पर।
   9.2. तैयार माल–कच्चा माल, परिवर्तन लागत और उत्पाद शुल्क पर।
   9.3. प्रक्रियागत स्टॉक–कच्चा माल और यथानुपात परिवर्तन लागत पर।
   9.4. भंडार, अतिरिक्त पुरज़े और अन्य व्यापारी माल–भारित औसत लागत आधार पर।
10. **राजस्व की गणना**
    10.1. ग्राहक की अभिरक्षा में अंतरण होने पर बिक्री दर्शाई जाती है और इसमें शामिल हैं मूल्य संवर्धित कर (वैट) को छोड़कर सभी सांविधिक उगाही और निवल बट्टा।
    10.2. लाभांश प्राप्त होने का अधिकार सिद्ध होने पर लाभांश आय को मान्यता दी जाती है।
    10.3. ब्याज आय को समय अनुपात आधार पर दर्शाया जाता है।
    10.4. स्क्रैप की बिक्री से प्राप्त राजस्व को, ग्राहकों के हवाले करने पर मान्यता दी जाती है।
    10.5. ठेकेदारों/आपूर्तिकर्ताओं से निर्णीत हर्जाने के संबंध में राजस्व को तभी मान्यता दी जाती है जब यह तय हो गया हो कि उसे देना नहीं पडेगा।
    10.6. ग्राहकों से की गई उत्पाद शुल्क की वसूली, कुल कारोबार (कुल) से घटाई जाती है । उत्पाद शुल्क देने लायक वस्तुओं के अंतिम और प्रारंभिक स्टॉक के बीच का उत्पाद शुल्क, अन्य व्यय के अधीन जोडा जाता है।
11. **दावे**
    11.1. पेट्रोलियम आयोजना और विश्लेषण कक्ष, भारत सरकार, पर किए गए दावों/के प्रति अभ्यपर्ण को यथा निर्दिष्ट अंतिम समायोजन के अधीन उपलब्ध अनुदेशों/स्पष्टीकरणों के आधार पर उसकी 'सैद्धांतिक स्वीकृति ' पर बुक किया जाता है।

11.2. **बीमा संबंधी दावे**

11.2.1 आस्ति का पूरी तरह से नुकसान होने पर, बीमाकर्ता को सूचित करने के उपरांत, या तो रखाव-लागत को या बीमा मूल्य (काटने लायक अतिरिक्त मूल्य के अधीन) को, जो भी कम हो, बीमा कंपनी से वसूल करने योग्य दावे के रूप में माना जाएगा। अगर बीमा संबंधी दावा आस्ति की रखाव-लागत से कम हो तो अंतर को लाभ-हानि लेखा में प्रभारित किया जाएगा।

11.2.2 अगर नुकसान आंशिक स्वरूप का हो या अन्य किस्म का हो तो, अन्य पक्षकार अथवा अन्य देयताओं को, यदि कोई हो तो, उनकी पूर्ति करने (काटने लायक अतिरिक्त रकम को घटाने के बाद) की दृष्टि से इन आस्तियों को वापस प्रयोग में लाने के लिए किए गए खर्च/भुगतान को बीमा कंपनी से वसूल करने लायक दावे के रूप में लेखाबद्ध किया जाता है। काटने लायक बीमा पॉलिसी आधिक्य को उस तद्नुरूपी वर्ष में खर्च किया जाएगा जिसमें उसे उठाया गया हो।

11.2.3 जब कभी दावे बीमा कंपनी से अंतिम रूप में प्राप्त हों, बीमा से प्राप्य दावे और प्राप्त दावे के बीच कोई अंतर हो तो उसका समायोजन लाभ-हानि लेखा में किया जाता है।

11.2.4 सभी अन्य दावों और प्रावधानों को प्रत्येक मामले के गुण-दोष के आधार पर बुक किया जाता है।

## 12. विदेशी मुद्रा लेन-देन

12.1. विदेशी मुद्रा लेन-देनों को लेन-देन की तारीख को विद्यमान विनिमय दर पर लेखाबद्ध किया जाता है।

12.2. मौद्रिक मदों की विदेशी मुद्रा आस्तियों/देयताओं को रिपोर्ट तारीख को विद्यमान विनिमय दर के आधार पर रूपांतरित किया जाता है।

12.3. रिपोर्ट तारीख को विदेशी मुद्रा लेन-देन का रूपांतरण करने पर पाए गए विनिमय अंतर को आय या व्यय के रूप में मानते हुए लाभ-हानि लेखा में समायोजित किया जाता है जब कि इसके लिए अपवाद है, अवक्षयी पूंजीगत आस्तियों की खरीदारी से संबंधित दीर्घावधि विदेशी मुद्रा संबंधी मौद्रिक मदों को रिपोर्ट करने पर उत्पन्न ऐसा विनिमय अंतर जिसे आस्तियों की लागत में जोडा जाता है/या लागत से घटाया जाता है।

12.4. मौजूदा ठेके के प्रति भावी निर्यात बिक्री के कारण विदेशी मुद्रा विनिमय दरों में होने वाले परिवर्तन के जोखिम से बचने के लिए तय किए गए असमाप्त वायदा ठेकों के संबंध में बेचने के लिए अंकित हानि (निवल) को लाभ-हानि लेखा में दर्शाया जाता है।

## 13. कर्मचारियों के लाभ

13.1. कर्मचारियों को मिलने वाले सभी अल्पावधि लाभ को उनकी बट्टा रहित रकम पर, उस लेखा अवधि में जिसमें उसे दिया गया हो, दर्शाया जाता है। भविष्य निधि और सेवानिवृत्ति निधि सहित परिभाषित अंशदान योजनाओं के तहत कर्मचारियों के लाभ को, योजना के प्रति कंपनी के बट्टा रहित दायित्व के आधार पर लेखाबद्ध किया जाता है। इनका भुगतान, क्रमश: भविष्य निधि प्राधिकरणों और भारतीय जीवन बीमा निगम को किया जाता है और इनको वर्ष के दौरान खर्च के अधीन दर्शाया जाता है।

13.2. उपदान, छुट्टी नकदीकरण, दीर्घावधि सेवा चिह्न, सेवानिवृत्ति उपरांत चिकित्सा लाभ और अन्य सेवानिवृत्ति लाभ सहित परिभाषित लाभ योजनाओं के तहत कर्मचारियों के लाभ को परिभाषित लाभ दायित्व के वर्तमान मूल्य के आधार पर, जिसका परिकलन प्रक्षेपित इकाई जमा पद्धति का उपयोग करते हुए वास्तविक मूल्यांकन के आधार पर किया जाता है, लेखाबद्ध किया जाता है। उपदान के संबंध में संबंधित योजना आस्तियों से अधिक वास्तविक देयता को वर्ष के दौरान लेखाबद्ध किया जाता है।

13.3. वास्तविक अभिलाभ और हानि को लाभ-हानि लेखा में आय या खर्च के रूप में दर्शाया जाता है।

13.4. अनर्जित अवकाश के निमित्त अल्पावधि देयता की बट्टा रहित रकम का वर्षांत में निर्धारण कर उसके लिए प्रावधान किया जाता है।

13.5. वास्तविक मूल्यांकन के अनुसार उपदान के लिए प्रावधान की निधि, एक अलग न्यास में रखी जाती है।

## 14. पट्टे

14.1. वित्तीय पट्टे के संबंध में पट्टा किराए को, प्रतिफल की स्पष्ट दर लगाते हुए आस्तियों की लागत और ब्याज घटक में पृथक किया जाता है।

14.2. पट्टे पर खरीदी गई आस्तियों का, जहां स्वामित्व के जोखिमों और प्रतिफल का उल्लेखनीय हिस्सा पट्टेदार द्वारा रखा जाता है, प्रचालन पट्टे के रूप में वर्गीकरण किया जाता है। पट्टा किराए को उपचय आधार पर लाभ-हानि लेखा में प्रभारित किया जाता है।

## 15. उधार संबंधी लागत

